## शहर >> अपडेट

### छत्तीसगढ़ में चुनाव पूर्व भाजपा ने मान ली हार, बिना सबूत काम कर रहा इडी कांग्रेस

रांची :झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा पर तंज कसा है। कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जो आरोप भाजपा लगा रही है, इससे यह साफ पता चलता है कि चुनाव पूर्व ही भाजपा ने यह मान लिया है कि वह छत्तीसगढ़ में चुनाव हार रही है। भाजपा जिस प्रकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, यह देश की जनता को पता है। कांग्रेस लोकतंत्र का निर्माण कर्ता है, लेकिन भाजपा उस लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।राकेश ने कहा कि ईडी के जरिए भाजपा गैर भाजपा शासित राज्यों को किस प्रकार परेशान कर रही है और कैसे बिना साक्ष्य ईडी काम कर रही है, यह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा सिर्फ प्रेस कांफ्रेस कर कांग्रेस के उपर आरोप लगाने वाली पार्टी बनकर रह गयी है। भाजपा को छत्तीसगढ़ में पूरी तरह चुनाव हारने का डर सता रहा है और यही कारण है कि छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ झारखण्ड में भाजपा नेता प्रेस कांफ्रेस कर रहे हैं। सत्य से परे बिना सबूत के इल्जाम लगा रहे हैं, जो उनकी हताशा का परिचायक है। गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा ने शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे।

हर्ष

### ढोल- नगाड़े के साथ आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर

# झारखंड जगुआर ने मुख्यमंत्री का किया जोरदार स्वागत और अभिनंदन, जताया आभार

▶▶ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी। हमारे लिए सभी एक समान है:मुख्यमंत्री

▶▶ आप सभी सरकार के आंख, नाक और कान है



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड जगुआर में कार्यरत पुलिसकर्मियों को 7वें पीआरसी के आलोक में विशेष सुविधा /भत्ता को पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने पर झारखंड चतुर्थ वर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ, झारखंड जगुआर ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आभार जताया है। ढोल- नगाड़े के साथ आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर उन्होंने मुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन और स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आईएएस हो या चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी। हमारे लिए सभी एक समान है। यह सरकार सभी को एक नज़रिये से देखती है।

आप सभी सरकार के आंख, नाक और कान है । आप राज्य की जनता की सेवा करें। सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हित में सरकार काम कर रही है । उनकी समस्याओं को यथासंभव दूर कर रही है। उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास लगाकर जारी है। मैं यह तो दावा नहीं कर सकता कि सभी चीज़े सही हो गई है, लेकिन इसकी शुरुआत जरूर है । मुझे पूरी उम्मीद और आशा है कि हमारी सरकार पूरी व्यवस्था को व्यवस्थित कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों के प्रति हमारी जितनी जिम्मेदारी है उतनी जिम्मेदारी आपकी भी है। आप पूरी मानवता और संवेदना के साथ आम नागरिकों की सेवा करें। मेरा आपसे कहना है कि सरकार की जो सोच है, उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े।

श्री सोरेन ने कहा कि हर चेहरे पर खुशी और मुस्कान लाने का हम प्रयास कर रहे हैं। हमारी सोच और कार्यशैली एक समान है। यह सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है, क्योंकि आपकी नियुक्ति इसलिए हुई है कि आप आम नागरिकों के लिए काम करें। मानवता और संवेदनशीलता का परिचय दें। आप पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा करें, जो भी कमियां होगी, उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि समाज के हर वर्ग और हर तबके के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है । मेरा आपसे कहना है कि किसी गरीब और जरूरतमंद के चेहरे पर जब मायूसी दिखती है तो उसे कितना तकलीफ होगा, इसे हम सभी को समझना चाहिए। आप आम जनता की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझ कर कम करें तो निश्चित तौर पर हम उनकी तकलीफों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। इस अवसर पर झारखंड चतुर्थ वर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन की सरकार जो कहती है, वह करती है। आप अपने कार्यों से हमारे दिलों में पहुंचे हैं। इस मौके पर झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ, झारखंड जगुआर के अध्यक्ष जीतराम स्वांसी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार रवि, शाखा मंत्री विकास, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह छेत्री, संगठन मंत्री समीर महतो, मुख्यालय प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी एवं कार्यालय मंत्री आशीष रंजन समेत संघ के तमाम सदस्य मौजूद थे।

# राजधानी के किशोरगंज चौक पर भी सुरक्षित नहीं है व्यवसायी :सांसद संजय सेठ

राष्ट्रीय खबर



रांचीः झारखंड की राजधानी रांची के किशोरगंज चौक पर स्थित प्रीति स्वीट्स के मालिक और उनके कर्मचारी के साथ हुई मारपीट की घटना पर सांसद संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सांसद ने आज प्रशासनिक अधिकारियों से भी बात कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और अविलंब गिरफ्तारी करने को कहा है।

सांसद ने कहा कि राजधानी रांची की स्थिति यह हो चुकी है कि व्यावसायी सुरक्षित नहीं है। जहां तहां गोलियां चल रही हैं। अब मजमा लगाकर व्यवसाईयों को पीटा भी जा रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि व्यवसायियों की सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी तो निश्चित रूप से शहर की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। राज्य सरकार और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीरता बरते और मजमा लगाने वाले ऐसे सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

किसी भी कीमत पर दहशत और भय का माहौल कायम नहीं रहे। यह सुनिश्चित करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि सरेआम किशोरगंज चौक पर किसी व्यवसायी के साथ मारपीट की घटना हो जाती है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां से झारखंड की पूरी सरकार गुजरती है।

यदि इस रास्ते का आलम यह है तो शहर के दूसरे क्षेत्र का हालत क्या होगी, इसका अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। सांसद ने कहा कि असमाजिक तत्वों की हरकत से व्यवसायियों में भय का माहौल है।

कल से ही बड़ी संख्या में रांची शहर से व्यावसायी फोन कर रहे हैं। उनकी स्पष्ट मांग है कि उनकी सुरक्षा की गारंटी दी जाए। ऐसे सामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस बात की चिंता सरकार और प्रशासन को करनी चाहिए। उन्हें इस बात की गारंटी व्यवसायियों को देनी चाहिए कि हर कीमत पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सांसद ने कहा कि इस मुद्दे पर वह पूरी तरह से व्यवसायियों के साथ है। सरकार यदि उनकी सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित नहीं करती है तो व्यवसायियों के साथ वह आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। सांसद ने कहा कि उन्होंने फोन पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव प्रवास से लौटने के बाद इस मुद्दे पर वह व्यवसायियों के साथ बैठकर ठोस निर्णय लेंगे।

## दुमका में मयूराक्षी नदी पर बने ब्रिज के नामकरण को लेकर बयानबाजी, बीजेपी और झामुमो के बीच वार-पलटवार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** दुमका में मयूराक्षी नदी पर बने नए पुल पर भाजपा द्वारा जगह-जगह तिलका मांझी सेतु का बैनर लगा देने के बाद फिर एक बार राज्य में पुल पर राजनीति तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी इस पुल का नाम तिलका मांझी के नाम पर करने की मांग कर रही है। वहीं सरकार ने कृषि मंत्री के आग्रह के बाद इस नवनिर्मित पुल का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर रखने का मन बना लिया है।अब ऐसे में राज्य के सत्ताधारी दल झामुमो-कांग्रेस और विपक्षी पार्टी भाजपा के नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है।

मयूराक्षी नदी पर बने नव निर्मित पुल का नाम दिशोम गुरु के नाम पर करने के प्रस्ताव का भाजपा विरोध कर रही है। इसी को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि जब गुजरात में स्टेडियम बना था तब उसका नाम भी महात्मा गांधी के नाम पर होना चाहिए था। उसे नरेंद्र मोदी के नाम पर क्यों बनाया गया। कहा इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए। भाजपा का मानसिक दिवालियापन करार देते हुए कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन हर झारखंडी के लिए भगवान हैं, जिन्होंने झारखंड राज्य हमें दिया।मयूराक्षी नदी पर बने पुल का नाम अमर शहीद तिलका मांझी के नाम पर करने की मांग को भाजपा ने जायज बताया। अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि तिलका मांझी के साथ शिबू सोरेन की तुलना ही गलत है। भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें झारखंड का गांधी बताया जा रहा है उन्होंने तो झारखंड का दिल्ली में बैठ कर सौदा कर लिया था।

## ईडी के अफसरों को नक्सलियों, गैंगस्टरों और महिला से निशाना बनाने के आरोपों की सीबीआई जांच हो: प्रतुल शाहदेव

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज कहा कि पूरे राज्य में सिस्टम धराशाई हो गया है और संवैधानिक मशीनरी भी ध्वस्त हो गई है। श्री शाहदेव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जेल से सरकार चल रही है। जेल में बंद सत्ता के दलाल ईडी के अधिकारियों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा ऐसी खबरें मीडिया में लगातार आ रही है कि सत्ता के शीर्ष में ऑपरेट करने वाले जेल में बन्द दलालों के खिलाफ जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ,गैंगस्टरों का सहयोग लिए जाने का षड्यंत्र हो रहा है। प्रतुल ने कहा ये बहुत ही विचलित और चिंतित करने वाली घटना है।प्रतुल ने कहा कि यह भी आरोप लग रहा है कि एक महिला के जरिए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें परेशान करने की कोशिश हो रही है।ऐसे भी हेमंत सरकार का फर्जी मुकदमों में लोगों को फसाने का लंबा रिकॉर्ड रहा है। श्री शाहदेव ने कहा कि जेल के अधिकारियों पर यह संगीन आरोप लगा है कि उन्होंने कैदियों के द्वारा दलालों के खिलाफ शिकायत करने वाले पत्रों को दबा दिया। जांच के दायरे में इसे भी लाया जाए। श्री शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार को जवाब देना चाहिए कि ईडी के द्वारा हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करने के दौरान दोषी पाए गए अफसर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दर्जनों पत्र 18- 11- 2022 से 26- 9- 2023 के बीच राज्य सरकार को लिखा था।लेकिन अभी तक राज्य सरकार कुंडली मारकर क्यों बैठी है ?

# कांग्रेस कमाने वाली और भाजपा काम करने वाली पार्टी: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने छत्तीसगढ़ के केशकाल विधानसभा के बहिगांव और मुरवेल में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के पक्ष में वोट अपील करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार के गर्त में डुबा दिया है। कांग्रेस की सरकार को जनता की सेवा से कुछ भी लेना देना नहीं है। भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को घोटाले का राज्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि बघेल सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तिजोरी भरने के लिए दिन-रात भ्रष्टाचार कर रहे हैं। अब तो महादेव ऐप घोटाले में यह साफ हो गया कि घोटाले के तार दुबई से भी जुड़े हैं।बाबूलाल ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में कार्य कर रही। देश की जांच एजेंसियां भ्रष्टाचारियों को पकड़ रही। अभी तो कांग्रेस के शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर घूम रहे। कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। आदिवासी समाज को आजाद भारत में सर्वाधिक सम्मान भाजपा की सरकारों ने दिया है।

आयोजन


### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज पुराना विधानसभागार धुर्वा रांची में

# जिला अध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज पुराना विधानसभागार धुर्वा रांची में जिला अध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज ठाकुर जी ने किया कार्यक्रम का संचालन अमुल्य नीरज खलखो द्वारा किया गया इस बैठक में विधानसभा दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम जी करकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की जी शहजादा अनवर जी जलेश्वर महतो जी मुख्य रूप से उपस्थित हुए विगत दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को वर्चुअल बैठक के माध्यम से आदरणीय प्रभारी अविनाश पांडे जी एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी द्वारा संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन की पूर्णता हेतु समयबद्ध कार्य प्रगति रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया था। इस विषय को लेकर आज

समीक्षा बैठक रखी गई थी आये हुए सभी जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी ने अपने प्रभार के विधानसभा क्षेत्र से संबंधित प्रखंडों मंडल पंचायत एवं बूथ स्तर तक पर एवं अग्रणी संगठन विभाग प्रकोष्ठ सहित संगठन निर्माण एवं मजबूती को लेकर अपना अपना रिपोर्ट आज समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करते हुए अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है अतः विधानसभा प्रभारी अपने प्रभार के प्रखंडों में जाकर अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करेंगे । कांग्रेस एक सुदृढ़ विचारधारा की पार्टी है और पार्टी की विचारधारा एवं कार्यक्रमों को आमजनों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सबों के




ऊपर है ताकि 2024 में इंडिया गठबंधन की जीत का डंका बज सके।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री आलमगीर आलम ने कहा हमारी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के मान सम्मान में कभी कमी नहीं किया जाएगा, इसका सदैव ख्याल रखा जाएगा। इस बात का एहसास मुझे खुद है क्योंकि हम भी एक छोटे से जिला से उठकर यहां तक आए हैं मैं एक बार नहीं 14 साल जिला अध्यक्ष रहा इसलिए हम जानते हैं जिला अध्यक्ष का पद काफी जिम्मेदारी भरा होता है सभी जिला अध्यक्ष ने अपने दायित्व एवं क्षमता दिखाने का कार्य निरंतर जारी रखें।

इंडिया गठबंधन के तहत सभी सहयोगी दलों के साथ 2024 में केंद्र में बैठी हुई तानाशाह भाजपा सरकार की सत्ता से बाहर करना हमारी प्राथमिकता है। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की जी सज्जाद अनवर जी जलेश्वर महतो जी ने अपने सभी 6 6 जिलों की रिपोर्ट दी और कार्यकारी अध्यक्षों ने जिला अध्यक्षों से कहा की पंचायत कमेटी और बुथ कमेटी को जल्द से जल्द पूरा करें सत्यापन करें ताकि बुथ परीक्षण का कार्य सत्यापन सही से कर सके इस बैठक में 24 जिला अध्यक्ष 67 विधानसभा प्रभारी उपस्थित हुए। जिनमे आभा ओझा, अशोक सिंह आलोक तिवारी कमल ठाकुर इंदिरा तुरी नरेश वर्मा रामाशीष पांडे शशि मोहन सिंह नारायण वर्णवाल अवधेश सिंह मनोज सहाय प्रमोद सिंह विनोद सिंह सत्यनारायण सिंह शाहबाज अहमद मुक्त मंडल दीनानाथ पांडे देबू चटर्जी तापस चटर्जी रमाकांत आनंद राकेश तिवारी कमलेश कुमार खगेंद्र चंद्र महतो पूर्णिमा पांडे पप्पू पासवान जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान कुमार उमेश प्रसाद गुप्ता संतोष सिंह राशिद राजा अंसारी अब्दुल्लाह अंसारी शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### जिन्होंने राम को भगवान .. .. ..

समाज ने राजकुमार राम को पुरूषोत्तम राम नहीं बनाया। ये समाज इतना पुराना है, पर कांग्रेस को पांच दशक तक दिल्ली में राज करने के बाद भी आदिवासियों की सुध नहीं आई। पहली बार अटल बिहार वाजपेयी सरकार ने इस समाज के लिए अलग मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा कि जिन आदिवासियों ने राजकुमार राम को परमात्मा राम बना दिया, हम उन आदिवासियों के पुजारी अैर भक्त हैं।

### इस शहर के लोग 70 साल .. .. ..

अंत में इस क्षेत्र की खोज की। एक चर्च और चैपल की स्थापना की गई। हालाँकि, उस क्षेत्र के लोगों को गुफा से बाहर नहीं निकाला जा सका। इतालवी प्रशासन ने उनके लिए पर्याप्त उपाय नहीं किये हैं। इस प्रकार मुसोलिनी का युग प्रारम्भ हुआ। मटेरा के निवासी अपने जीवन के तरीके को बदलने के लिए सक्रिय हो गए, लेकिन फासीवादी शासन रास्ते में खड़ा था। बाहर से फसलों और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति धीरे-धीरे बंद कर दी गई। सरकार ने कोई कार्रवाई करना तो दूर, मटेरा को इटली की शर्म घोषित कर दिया। ऐसा नहीं है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नये प्रशासन ने इस संबंध में कोई अच्छी कार्रवाई की हो। इसके बजाय, 1950 में यह घोषणा की गई कि मटेरा के लोगों को तुरंत शहर छोड़ देना चाहिए। उन्होंने विरोध किया कि कोई भी हजारों साल पुराना अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनने को तैयार नहीं है। सरकार की ओर से पुनर्वास की योजना बहुत स्पष्ट नहीं है। आखिर में उन्हें जबरदस्ती सरेंडर कर दिया गया। 9000 साल में पहली बार यह शहर खाली हो गया। 1960 में गुफाओं में रहने की प्रथा को अवैध घोषित कर दिया गया था। तब से, मटेरा की गुफाएँ लंबे समय तक खाली रहीं। 1993 में मटेरा को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का खिताब दिया गया था। जो जगह कभी इटली के लिए शर्म की बात थी, आज उसकी गुफाओं के सौजन्य से पर्यटक अद्भुत इतिहास से परिचित होते हैं।

### हर कांग्रेसी प्रत्याशी .. .. ..

जीतने जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शुक्रवार को यह कहने पर कि भाजपा ने कभी भी जाति जनगणना का विरोध नहीं किया, उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मांग करती रही है और इसे आयोजित करने से हर समुदाय के विकास के बारे में स्पष्ट तस्वीर मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे उनके विकास, रोजगार और कौशल परिनियोजन के लिए योजना तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम ऐसा उसके लिए कर रहे हैं, राजनीति के लिए नहीं। उन्होंने (भाजपा) हमारी मांग की सराहना की है। यह अच्छी बात है।

### मिजोरम में भाजपा किंगमेकर .. ..

किरेन रिजिजू ने कहा है कि पूर्वोत्तर में केवल मिजोरम में भाजपा की सरकार नहीं है। इस बार मिजोरम की बारी है। भाजपा के बिना इस बार सरकार बनना मुश्किल है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, मणिपर में आग में घी डालने का काम कांग्रेस लगातार करती आई है। पिछले साठ वर्षों में कांग्रेस ने मणिपुर और पूर्वोत्तर को जलाकर रख दिया। इसे ठीक करने का काम भाजपा कर रही है।

मिजोरम विधानसभा चुनाव को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए ड्रेस रिहर्सल करार देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने आज विश्वास जताया कि उनकी पार्टी पूर्वोत्तर राज्य में अगली सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा, भारत का विचार कि भाषा, धर्म, जाति, पंथ, क्षेत्र और संस्कृति के बावजूद हर कोई समान है, हमारे संविधान में निहित हमारा अधिकार है। यह विचार खतरे में है। कई मायनों में, मिजोरम चुनाव लोकसभा चुनावों के लिए एक ड्रेस रिहर्सल है। थरूर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम अपनी विविधता को बनाए रखते हुए एकजुट हो सकते हैं। थरूर ने कहा कि जैसा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते हैं, नफरत की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है और सपनों को एक साथ देखने के लिए भारतीयों को एक साथ लाने का समय आ गया है। मिजोरम में सत्तारूढ़ सरकार पर हमला बोलते हुए थरूर ने कहा कि एमएनएफ शासन के तहत राज्य में पांच साल बर्बाद हो गए, जो भ्रष्टाचार और विकास की कमी से ग्रस्त था।

### यह पिजनबॉट बिल्कुल चीड़िया .. ..

यांत्रिकी में पहले से अज्ञात जटिलताओं की खोज की, जिसने उन्हें आज तक का सबसे अधिक पक्षी जैसा उड़ने वाला रोबोट बनाने की अनुमति दी, सभी प्रेरणा के साथ - और कुछ वास्तविक पंख - उस परिचित लेकिन काल्पनिक रूप से फुतीर्ली प्रजाति से , जिन्हें रॉक कबूतर कहा जाता है। इसी आधार पर दुनिया का अब तक का सबसे पक्षी जैसा उड़ने वाला रोबोट तैयार हुआ है।


उड़ान में, पक्षी नाटकीय रूप से अपने पंखों के आकार को बदल सकते हैं: तेजी से उड़ते समय वे अपने पंखों को छिपा लेते हैं या फिसलते समय उन्हें फैला देते हैं, साथ ही तेज मोड़ भी लेते हैं। लेंटिंक कहते हैं, यह उन्हें अधिक कुशलता से उड़ान भरने, लंबी उड़ान भरने और बेहतर पैंतरेबाजी करने में सक्षम बनाता है। लेकिन वैज्ञानिकों को यह समझ में नहीं आया कि पंख, कंकाल और मांसपेशियों की विशेषताओं ने इस तरल पंख के आकार में कैसे सहायता की। लेंटिंक और उनकी टीम ने एक विश्वविद्यालय संग्रह में मृत कबूतरों के असली पंखों के झुकने और फैलने का फिल्मांकन करके उस समझ को आगे बढ़ाया।

शोधकताओं ने यह भी देखा कि, अशांत हवा के बीच भी, विस्तारित पंखों ने अंतराल पैदा करने से बचने के लिए मिलकर काम किया जो उड़ते समय पक्षी के संतुलन में बाधा बन सकता था। पिछले सप्ताह साइंस में प्रकाशित एक समानांतर अध्ययन में लेंटिंक की टीम की रिपोर्ट के अनुसार, आसन्न, ओवरलैपिंग पंखों की इलेक्ट्रॉन और एक्स-रे माइक्रोस्कोप छवियों को स्कैन करने से सूक्ष्म हुक और बार्ब्स का पता चला, जो इन पंखों को एक साथ चिपकने में मदद करते थे। दिशात्मक वेल्क्रो की तरह, फैलने पर वे अत्यधिक बल के साथ लॉक हो जाते हैं, वह कहते हैं, लेकिन जब पंख मुड़ते हैं, तो यह बन्धन स्वचालित रूप से खुल जाता है। पिजनबॉट अपने नाम के पक्षी की उड़ती हुई उड़ान को सटीकता से पकड़ लेता है, लेकिन यह अपने पंख फड़फड़ाने में सक्षम नहीं है, हमिंगबर्ड की बिजली की तेजी से पंख फड़फड़ाने की बात तो दूर की बात है। फिर भी, लेंटिंक और टीम ने पक्षी उड़ान के जादू को समझने और फिर से बनाने में एक बड़ा कदम उठाया है, जो ड्रोन और अन्य विमानों के लिए विंग डिजाइन में प्रगति प्रदान कर सकता है।

### अदालती फैसले को संसद .. ..

चंद्रचूड़ ने कहा, लोकतांत्रिक ढांचे में न्यायपालिका कोई निर्वाचित शाखा नहीं है। लोकतंत्र की निर्वाचित शाखा का महत्व बहुत बड़ा है। मैं इसे कम नहीं आंक रहा हूं। चुने हुए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं। कार्यकारी शाखा संसद के प्रति जवाबदेह है। देश के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर मैं इस व्यवस्था का सम्मान करता हूं लेकिन यह भी समझना चाहिए कि जजों की भूमिका क्या है। हमें नहीं चुना गया है. लेकिन ये हमारी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, हमारा समाज संविधान से चलता है। अदालतें उन मूल्यों की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। कई बार हम समय से पहले निकल जाते हैं। उदाहरण के लिए, जब पर्यावरण की रक्षा की बात आती है तो हम अपने समय से आगे हैं। समलैंगिक विवाह पर मेरा निर्णय भी समय से आगे का है। मैंने समलैंगिक विवाह की वैधता के पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन मेरे तीन सहकर्मी मुझसे असहमत थे। यही न्यायिक व्यवस्था की प्रक्रिया है. और मैं इसका सम्मान करता हूं। उन्होंने आज आगे कहा, न्यायाधीश यह नहीं देखते कि फैसले के परिणामस्वरूप समाज कैसे प्रतिक्रिया देगा। न्यायाधीशों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच यही अंतर है। चुने हुए प्रतिनिधियों को जनता के मन की बात समझनी होगी। लेकिन जज बहुमत के मूल्यों का पालन नहीं करते, हम संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि मैं न्यायपालिका पर लगातार प्रभाव डाल सकता हूं।



06:11:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 302 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

ऋजु पश्यति यः सर्वं चक्षुषानुपिबन्निव।
आसीनमपि तूष्णीकमनुरज्यन्ति तं प्रजाः॥

भावार्थ : जो राजा अपनी प्रजा को ऐसी कोमल दृष्टि से देखता है, मानों आंखों से ही पी जाना चाहता हो, वह अगर प्रजा के हित का कोई काम किए बिना मौन भी बैठा रहता है, तब भी प्रजा उसके प्रति अनुराग का भाव रखती है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .07 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .56 बजे

## मृतकों के परिजनों को नेपाल सरकार देगी 2 लाख

**रौशन यादव**



**काठमांडू:** सरकार ने जाजरकोट भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दो लाख रुपये की राहत देने का फैसला किया है। सिंह दरबार में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए सरकार की प्रवक्ता एवं संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रेखा शर्मा ने बताया कि-प्रथम चरण में तत्काल राहत के रूप में दो लाख रुपये देने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह जाजरकोट भूकंप से जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मंत्री शर्मा ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने और घायलों का मुफ्त इलाज करने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार की रात जब जाजरकोट में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र जाजरकोट था। इस हादसा में लगभग दो सौ से अधिक लोगों के मौत की सूचना है।

## उरुग्वे के गृह मंत्री ने दिया इस्तीफा

**मोंटेवीडियो:** उरुग्वे के गृह मंत्री लुइस अल्बर्टो हेबर, उप मंत्री गुइलेर्मो मैकिएल और संचार एवं रणनीति मामले के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार रॉबर्टो लाफ्लुफ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित ड्रग-तस्कर को पासपोर्ट जारी करने के मामले के बीच इस्तीफा दे दिया है। अखबार ने रविवार को यह खबर दी। ला डायरिया अखबार ने अपने रिपोर्ट में बताया है कि राष्ट्रपति लुइस लैकले पो ने शनिवार को एक सम्मेलन में कहा कि उन्होंने अधिकारियों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के सचिवालय के महानिदेशक निकोलस मार्टिनेली उरुग्वे के गृह मंत्री का पद संभालेंगे, जबकि उद्योग, ऊर्जा एवं खनन मंत्री उमर पगनिनी देश के नए विदेश मंत्री होंगे। उल्लेखनीय है कि उरुग्वे के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को बस्टिलो ने गुरुवार को लीक हुए फोन कॉल के बाद इस्तीफा दे दिया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने ड्रग-तस्कर सेबेस्टियन मार्सेट के पासपोर्ट जारी करने की जांच में बाधा डालने की कोशिश की थी। कथित तौर पर इसके कारण राष्ट्रपति के लिए राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। मार्सेट को कथित तौर पर 2021 में उरुग्वे के विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक दिन में एक नया पासपोर्ट प्राप्त हुआ था। उस समय वह वह संयुक्त अरब अमीरात में हिरासत में था।

## तेलंगना के चार लोग नवादा से गिरफ्तार

**नवादाः** बिहार में नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना से पुलिस ने तेलांगना केचार साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। नवादा साइबर थाना की पुलिस उपाधीक्षक प्रिया ज्योति ने रविवार को यहां बताया कि झौर गांव से तेलांगना के महबूब नगर के रहने वाले कवाली हरिकृष्णा, वैदत्या गणेश, वैदत्या अक्षय और रामावत कल्लू नायक को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 25 मोबाइल फोन, चार आधार कार्ड, एटीएम डेबिट कार्ड, इलेक्शन कार्ड और फ्लाइट टिकट बरामद किया गया है। मोबाइल नंबर, राज्य का नाम, ईमेल आईडी आदि लिखा हुआ 46 पेज का दस्तावेज भी बरामद किया गया है। रोज के पैसे का हिसाब लिखा हुआ काला डायरी बरामद किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इस गिरोह के जरिए तेलगु भाषी तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के भोले भाले लोगों से फाइनेंस लोन , इंडिया बुल्स लोन, गैस एजेंसी देने, सिपल वन इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के नाम पर ठगी किया करते थे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**जनसभा** मध्यप्रदेश में भाजपा की आदिवासी प्रेम की झलक मिली

# जिन्होंने राम को भगवान बनाया, हम उनके पुजारी : मोदी

- देश में मुफ्त राशन की याद दिलायी
- कांग्रेस का सब कुछ एक परिवार के नाम
- आदिवासियों के लिए मंत्रालय भाजपा की देन

**राष्ट्रीय खबर**

**सिवनी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि जिन आदिवासियों ने राजकुमार राम को परमात्मा राम बना दिया, हम उन आदिवासियों के भक्त और पुजारी हैं। श्री मोदी मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पूर्व अपने चुनावी अभियान के सिलसिले में राज्य के आदिवासी बहुल सिवनी जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि 30 साल बाद कोई प्रधानमंत्री यहां आया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत कोरोना के बाद से अब तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश में पांच करोड़ परिवारों को घर में मुफ्त राशन पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ये योजना दिसंबर में पूरी हो रही थी, पर उन्हें गरीबी किताबों में पढ़नी नहीं पड़ती, इसलिए उन्होंने फैसला किया कि आने वाले पांच साल के लिए फिर से मुफ्त राशन की गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में सिर्फ घोटाले होते थे, अब पूरा पैसा गरीबों को राशन में जा रहा है। दोनों सरकारों में यही अंतर है। महाकौशल अंचल के सिवनी के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यहां आजादी की रक्षा में आदिवासी नायकों का सम्मान दिखता है। कांग्रेस ने आजादी का पूरा श्रेय एक ही परिवार के नाम कर दिया। जहां कांग्रेस शासन में होती है, वहां सरकारी योजनाओं से लेकर गलियां तक उसी परिवार के नाम पर हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के घोषणापत्र में भी वही एक परिवार दिखता है, जबकि भाजपा के लिए हर आदिवासी भाजपा परिवार का सदस्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल कांग्रेस के एक नेता आदिवासियों में जाकर झूठ फैलाने की फैक्ट्री खोलते हुए भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों के मुंह में आदिवासी नाम शब्द शोभा नहीं देता। इसी क्रम में उन्होंने लोगों से सवाल किया कि क्या ये आदिवासी समाज भाजपा सरकार बनने के बाद आया। क्या ये सैंकड़ों साल से नहीं है। क्या आदिवासी भगवान राम के जमाने में थे या नहीं। क्या इस ›› पेज 2 भी देखें




### चुनाव लड़ने के बहाने डोनेशन इकट्ठा कर रही कांग्रेस

सिवनी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस को अपनी हार के बारे में मालूम है, इसलिए वो चुनाव लड़ने का मात्र ढोंग कर रही है, ताकि डोनेशन इकट्ठा करने का मौका मिल जाए। श्री मोदी राज्य के सिवनी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही, उन्हें मालूम है कि उन्हें जीतना नहीं है। पार्टी चुनाव लड़ने का ढोंग मात्र कर रही है, ताकि डोनेशन इकट्ठा करने का मौका मिल जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के बीच मुख्यमंत्री पद की लड़ाई नहीं है। असली लड़ाई इस बात की चल रही है कि किसका बेटा यहां कांग्रेस का मुखिया बनेगा। सब एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने मे लगे हैं। यहां के दो बड़े नेता अपने-अपने बेटे को आने वाले दिनों में सेट करने के लिए मध्यप्रदेश को अपसेट करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें अपने बेटे-बेटी की चिंता है, वो कभी जनता की सोचेंगे क्या। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बोलते हैं, हमारे दादा-दादी, नाना-नानी ने ये किया और उन्हें इसीलिए वोट दिया जाए क्योंकि वो उनके दादा-दादी थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा जनता के भविष्य के लिए काम कर रही है। गरीब का जीवन आसान बनाना भाजपा का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। उनका नारा है, गरीब की जेब साफ, काम हाफ और करना उससे भी हाफ। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा छोटे किसानों को धोखा दिया।

मुसोलिनी के राज में यहां के लोगों पर काफी अत्याचार हुए

# इस शहर के लोग 70 साल पहले गुफा में रहते थे



- नौ हजार साल पुराना शहर है यह
- शहर को इटली का शर्म कहा गया
- गुफाएं आज प्रमुख पर्यटन स्थल हैं


**राष्ट्रीय खबर**

**रोमः** पहाड़ी की ढलान पर बना एक शहर। जिसके बीच में एक बहुत बड़ी खाली जगह है. पुरातनता के निशान हर जगह हैं। यह शहर करीब 9000 साल पुराना है. हालाँकि दुनिया में प्राचीन शहरों की संख्या भी कम नहीं है। समय के साथ हर सभ्यता आधुनिक हो गई है। लेकिन इटली का सासी दी मटेरा अलग है। एक समय तक इस शहर के अधिकांश लोग गुफाओं में रहते थे। नहीं, हम आदिम सभ्यताओं की बात नहीं कर रहे हैं। आज से ठीक 70 साल पहले वे ऐसे ही रहते थे। ये गुफाएं आज भी लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं। इटालियन भाषा में सासी शब्द का अर्थ पत्थर होता है। उस स्रोत से इस शहर का नाम है। यह दक्षिणी इटली के बेसिलिकाटा प्रांत में स्थित है। अब लगभग 60,000 लोग पहाड़ी घाटियों में बनी संकरी गलियों में रहते हैं। हालाँकि, ये घर बहुत बाद में बनाए गए थे, लेकिन असली आकर्षण गुफा वाले घर हैं। यहां पाषाण काल के लोग रहते थे। युग भले ही बदल गया हो, लेकिन मटेरा के लोगों ने अपना निवास स्थान नहीं बदला है। बल्कि पहाड़ को काटकर नई गुफाएं बनाई गई हैं। और वह निवास 1950 तक चला। बेशक, सभ्य लोगों का संबोधन भी विकसित किया जा रहा था। लेकिन सुदूर पहाड़ी इलाकों में घूमने कौन आता है? परिणामस्वरूप, मटेरा को पूरे इटली द्वारा उपेक्षित किया गया। कुछ निडर खोजकर्ताओं ने अठारहवीं सदी के ›› पेज 2 भी देखें

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चार राज्यों में जीत की पूरी उम्मीद है

# हर कांग्रेसी प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा के चार लोग : खडगे

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और विपक्षी नेताओं के खिलाफ छापे और आरोपों पर भाजपा पर निशाना साधते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि उनकी पार्टी के प्रत्येक उम्मीदवार को चार उम्मीदवारों को हराना है। इनमें भाजपा के प्रत्याशी के अलावा तीन अन्य, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि उन्हें विश्वास है कि पार्टी पांच में से चार राज्यों - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना - में विजयी होगी, जहां इस महीने चुनाव होंगे, जिसमें मिजोरम शामिल है। एकमात्र राज्य जिसके बारे में वे अनिश्चित हैं, क्योंकि इसमें अलग-अलग पार्टियाँ, अलग-अलग समूह हैं। कांग्रेस नेताओं पर छापे और शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ लगाए गए आरोप पर एक सवाल पर कि जांच के तहत महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटरों ने उन्हें चुनाव खर्च के लिए 508 करोड़ रुपये दिए हैं, श्री खड़गे ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग है जो लोकतंत्र के लिए बहुत बुरा है।

उन्होंने कहा, आप सीधी लड़ाई लड़े। समान अवसर दें। जिसे भी बहुमत मिले उसे देश पर ठीक से शासन करना चाहिए... आपको (भाजपा) केंद्र में शासन करने का मौका मिला, लेकिन आप उन लोगों को क्यों परेशान कर रहे हैं जो चुनाव का सामना कर रहे हैं। आप ऐसा दो साल पहले, छह महीने पहले कर सकते थे, लेकिन तथ्य यह है कि आप अब ऐसा कर रहे हैं इसका मतलब है कि आप जानबूझकर उन्हें परेशान कर रहे हैं और समान अवसर नहीं दे रहे हैं, उन्होंने कहा। इसलिए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को एक नहीं बल्कि चार उम्मीदवारों को हराना है। वे हमें आतंकित और हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं कर्मी। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं. उन्होंने हिंदी में कहा, अगर हमें डरना होता तो हम राजनीति में नहीं आते।

श्री खड़गे ने कहा, आपको स्पष्ट रूप से बताने के लिए, हम चार राज्यों में सहज हैं। पांचवां राज्य है मिजोरम। वहां लड़ाई है और अलग-अलग पार्टियां, अलग-अलग समूह हैं। लेकिन अन्य चार राज्यों में, मैं अच्छे नतीजे की उम्मीद कर रहा हूं। हर कोई यानी जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता भी खुश है और वे कहते हैं कि हम ›› पेज 2 भी देखें

# रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर मिसाइल हमला



कियेब : चार नवंबर को यूक्रेन के रूसी कब्जे वाले क्रीमिया में एक हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई थी, जिसमें प्रायद्वीप को रूस से जोड़ने वाला क्रीमिया पुल धुएं के बादल में ढंक गया और ब्रिज को बंद कर दिया गया। कई स्थानीय सोशल मीडिया ने 4 नवंबर को रिपोर्ट दी, जिसमें संभावित मिसाइल का संकेत दिया गया था। सोशल मीडिया उपयोगकताओं द्वारा अपलोड किए गए वीडियो में पूर्वी क्रीमिया शहर केर्च के ऊपर धुएं के कई गुबार उठते हुए दिखाई दे रहे हैं, और पृष्ठभूमि में मिसाइलों के हमले की आवाजें आ रही हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि ये हमलावर मिसाइलें थीं या वायु रक्षा इंटरसेप्टर मिसाइलें। एक वीडियो में दिखाया गया है कि एक क्रूज मिसाइल स्पष्ट रूप से केर्च के दक्षिण में कुछ किलोमीटर दूर जालिव शिपयार्ड की दिशा में बढ़ रही है। वीडियो के अंतिम फ्रेम में एक विस्फोट दिखाई देता है, साथ ही एक विमान भेदी मिसाइल के विस्फोट से निकलने वाला धुआं भी दिखाई देता है। केर्च में बुटोम के जालिव जहाज निर्माण संयंत्र के क्षेत्र में एक पैंटिर विमान भेदी मिसाइल और तोप प्रणाली सक्रिय की गई थी, क्रेमलिन द्वारा नियुक्त गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव ने देर दोपहर में टेलीगाम पर लिखा था, जिसमें दावा किया गया था कि रोकी गई मिसाइलों का मलबा यार्ड की एक सूखी गोदी में गिर गया। दूसरी तरफ रूसियों ने डीनिप्रो के पास बुनियादी ढांचे के लक्ष्य पर हमला किया, और विस्फोट सुने गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले की चेतावनी की घोषणा के कुछ ही मिनटों बाद डीनिप्रो में विस्फोट हो गए। बाद में यह बताया गया कि शहर के निकट बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। 17 :17 पर हवाई हमले की चेतावनी की घोषणा की गई और 17 :19 पर मीडिया ने विस्फोटों की आवाज की सूचना दी। वायु सेना ने नागरिकों को बैलिस्टिक हथियारों के खतरे के बारे में चेतावनी दी थी और निप्रो निवासियों को कवर लेने के लिए कहा था। बाद में, लिसाक ने निप्रो होरोमाडा में हमलों की सूचना दी। रूसियों ने एक बुनियादी ढांचे के लक्ष्य पर हमला किया। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कोई हताहत नहीं हुआ है। हवाई हमले की चेतावनी जारी होने के एक घंटे से अधिक समय बाद, शहर के पास तीसरी बार विस्फोट हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने मिजोरम के लोगों को प्रेरित किया

# मिजोरम में भाजपा किंगमेकर साबित होगी: किरेन रिजिजू

- भाजपा के बिना कोई सरकार नहीं
- मणिपुर की आग में घी डाला कांग्रेस ने
- विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का रिहर्सल : शशि थरूर

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** मिजोरम में विधानसभा चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम दिन केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता किरेन रिजिजू ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भाजपा के मिजोरम चुनाव प्रभारी रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये चुनाव राज्य में अब तक के सबसे निर्णायक राज्य चुनाव होने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा एक बड़ी ताकत है क्योंकि पार्टी को राज्य के कई हिस्सों में कई सीटें जीतनी सुनिश्चित हैं। उन्होंने आगे कहा कि मिजोरम के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा किंगमेकर प्लेयर साबित होगी।रिजिजू ने मिजोरम में भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में इस बार भाजपा पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतेगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ह्यआज यहां मिजोरम में चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है,मिजोरम में यह चुनाव अब तक का सबसे निर्णायक राज्य विधानसभा चुनाव होने जा रहा है क्योंकि पहली बार भाजपा चुनाव में प्रमुख भूमिका निभा रही है।केंद्रीय मंत्री ने चुनाव को लेकर कहा, ह्लपहले भाजपा एक या दो सीटें जीतने के लिए लड़ रही थी, लेकिन इस चुनाव में, हम एक बड़ी ताकत हैं क्योंकि हम राज्यों के विभिन्न हिस्सों में कई सीटें जीतने जा रहे हैं। लोगों को भाजपा पर भरोसा होने लगा है। किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व ने मिजोरम के लोगों को प्रेरित किया है...इस चुनाव के बाद से भाजपा यहां मिजोरम में विपक्ष के लिए एक बड़ी बाधा बनी रहेगी। अगर हम कई सीटें जीतने में कामयाब रहे तो सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। अन्यथा, हम मिजोरम के राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी होंगे। मिजोरम में भाजपा के चुनाव प्रभारी ›› पेज 2 भी देखें

**शर्मसार** स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने पक्षी की उड़ान को मशीन में उतारा

# यह पिजनबॉट बिल्कुल चीड़िया की तरह उड़ता है

- कंप्यूटर पर इसका मॉडल बनाया
- उनके पंखों का गहन अध्ययन किया
- नया ड्रोन और जहाज बनाने में मदद मिलेगी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** मनुष्य सदियों से पक्षियों जैसी उड़ने वाली मशीनें बनाने की कोशिश कर रहा है। आधुनिक सामग्रियों के साथ, लियोनार्डो दा विंची द्वारा फड़फड़ाते पंखों वाला ग्लाइडर बनाने के बाद से इंजीनियरों ने एक लंबा सफर तय किया है। और फिर भी, आज के सबसे उन्नत ड्रोन भी अशांत हवा और तेज हवाओं के बीच नेविगेट करने के लिए संघर्ष करते हैं। दूसरी ओर, अधिकांश पक्षी थोड़े से प्रयास से ही उबाड़-खाबाड़ आसमान में उड़ जाते हैं, जिससे हमारी हाई-टेक नकलें शर्मसार हो जाती हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के मैकेनिकल इंजीनियर डेविड लेंटिंक कहते हैं, हम वास्तव में इस बारे में बहुत कम जानते हैं कि पक्षी कैसे उड़ते हैं। उस अंत तक, लेंटिंक और उनके सहयोगियों ने हाल ही में एवियन उड़ान के ›› पेज 2 भी देखें

### पक्षी के पंखों में, मानव भुजाओं की तरह

ह्यूमरस, रेडियस, अल्ना और कलाई की हड्डियाँ होती हैं। उनके प्रत्येक पंख के अंत में एक उंगली जैसी संरचना भी होती है। फिल्म पर, लेंटिंक और उनकी टीम ने पाया कि कलाई और उंगलियों के जोड़ उड़ान पंखों को संरेखित करने के लिए स्वतंत्र रूप से चलते हैं। अपने पंखों को समायोजित करने के लिए अलग-अलग मांसपेशियों का उपयोग करने के बजाय, पक्षी कलाई पर थोड़ा सा मोड़ या उंगली के जोड़ में मोड़ के साथ अपने पंखों के आकार, दिशा और गति को परिभाषित कर सकते हैं। इसके अलावा, इन पंखों के आधार पर एक लोचदार बंधन लचीलेपन और विस्तार के दौरान प्राथमिक और माध्यमिक पंखों की सुंदर व्यवस्था की सुविधा प्रदान करता है। इस जानकारी का उपयोग करते हुए, लेंटिंक की बायो-इंस्पायर्ड रिसर्च एंड डिजाइन (बीआईआरडी) लैब की टीम ने फोमबोर्ड, रबर बैंड और असली कबूतर के पंखों से एक सरल, प्रोपेलर-संचालित रोबोट बनाया। जब इसकी उंगलियों और कलाइयों को रिमोट कंट्रोल के माध्यम से घुमाया गया, तो पंख स्वचालित रूप से अनुपात में चले गए और पंखों के आकार को फिर से बनाया जैसा कि कबूतरों में देखा जाता है।

# अदालती फैसले को संसद से पलटा नहीं जा सकता: चंद्रचूड़

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों में विधायिका और न्यायपालिका के बीच दरार पैदा हो गई है। इसी संदर्भ में एक कार्यक्रम में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से सवाल किया गया। इस पर बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने टिप्पणी की, कि संसद नए कानून बना सकती है, लेकिन फैसले पलट नहीं सकती।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किसी मामले का फैसला करते समय निर्वाचित प्रतिनिधि क्या कर सकते हैं और क्या नहीं, इसकी एक सीमा होती है। यदि अदालत ऐसे मामले में फैसला सुनाती है जहां कानून में कोई कमी है, तो निर्वाचित प्रतिनिधि उस कमी को दूर करने के लिए नया कानून ला सकते हैं। लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि यह नहीं कह सकते कि यह फैसला गलत है. और अगर कोई फैसला आता है तो अब से नया कानून लाने का सवाल ही नहीं उठता. ऐसा 1951 में भी हुआ था। जस्टिस ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### छात्र ने की आत्महत्या

**बेड़ो:** थाना क्षेत्र के मुरतो गांव निवासी बिशु उरांव का बेटा लाला उरांव 16 वर्ष ने फासी लगा कर आत्म हत्या कर ली। परिजनो ने बताया कि शनिवार की रात में खाना खाने के बाद अपने रूम में सोने चला गया। कुछ काम को लेकर बिशु उरांव ने दरवाजा खोलने के लिये कई बार आवाज दिया रूम के अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। पड़ोसी के सहयोग से छप्पर का अलस्वेटर तोड़ कर रूम प्रवेश किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सड़क को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के बड़ामटांड, सिंगाती, काशीडीह, पाथराकुन, मिरुडीह सड़क के मरम्मती को लेकर ग्रामीण रविवार को मिलनचौक में मुखिया प्रतिनिधि ज्ञानरंजन हैंब्रम कि अध्यक्षता में एक बैठक कर गोलबंद हुए। बैठक में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी के नाम एक मांगपत्र भी सौपा। बैठक में ग्रामीणो ने कहा बड़ामटांड सिंगाती मार्ग मरम्मती को लेकर ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक अधिकारी एवं मुख्यमंत्री के नाम कई बार ज्ञापन सौपने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उक्त मार्ग पर विनायक कंपनी, आधार राइस मिल, शारदा एक्सेल कंपनी व कामाख्या स्टोन जैसे औद्योगिक प्रतिष्ठान अवस्थित है। और इन प्रतिष्ठानों के सैकड़ो भारी भरकम वाहनों का आवागमन रोज होता है। जिससे सड़क काफी जार्जर हो गया है और औद्योगिक प्रतिष्ठाने सड़क मराम्मती को लेकर कोई पहल नहीं कर रही है। ग्रामीणों में मांग पत्र में अप सड़क पर रोजाना टैंकर के माध्यम से पानी का छिड़काव करने, तत्काल सड़क की मरम्मती कर चलने लायक बनाने, आधार राइस मिल का दूषित व गंदा पानी को गौरडीह नाला में मिलाकर पानी को दूषित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सांसद व विधायक ने किया नवनिर्मित पुस्ताकाल भवन का उद्घाटन

**कुडू:** रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के कर कमलों द्वारा विधायक निधि से निर्मित बीएस कॉलेज लोहरदगा में पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पुस्तकालय भवन का निर्माण से जिले के युवाओं को लाभ मिलेगा और वे कॉलेज के पढ़ाई के साथ साथ झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा के और सभी तरह की तैयारियां पुस्तकालय भवन में मुफ्त कर सकेंगे। आने वाले कुछ समय में करीब 15 लाख रुपए की लागत की पुस्तक इस पुस्तकालय भवन में रखी जायेगी जिसमे विद्यालय के पुस्तकों के साथ साथ जेपीएससी, यूपीएससी,आईआईटी, इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित कई प्रतियोगिता परीक्षा का पुस्तक परीक्षाथीयी को मुफ्त में मिलेगा जिससे गरीब तबके के युवा भी देश में होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होकर तैयारी कर सकेंगे राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह एक ऐसा स्थान है जहां पर जानकारी एवं ज्ञान हासिल करने के लिए हर प्रकार की किताबें उपलब्ध होंगी जिससे विद्यार्थियों को अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित हो सके, आर्थिक रूप से जो कमजोर होते हैं उनके पास किताबें खरीदने के लिए पैसे नहीं होते है वे हर प्रकार की किताबों को पढ़कर इसका लाभ उठा सकते हैं मौके पर बी एस कॉलेज प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर शशि गुप्ता, रोहित उरांव,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी,प्रोफेसर लोहरा उरांव, जिप सदस्य रूबी कुमारी, दोमना उरांव, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल बबिता आदि उपस्थित थे।

---

**आयोजन**

### देर रात तक गीत संगीत व नृत्य पर झूमते रहे दर्शक

# बंगाली समिति का विजया सम्मेलन संपन्न

▶▶ प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

▶▶ नृत्य की प्रस्तुती ने मोहा मन

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमाः** झारखंड बंगाली समिति कोडरमा शाखा के तत्वावधान में स्थानीय अड्डी बंगला स्थित रवीन्द्र भवन में धूमधाम के साथ विजया सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। शनिवार को देर रात तक चले कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और श्रुति नाटक का दर्शकों ने खूब आनंद लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व में हुए चित्रांकन प्रतियोगिता आवृत्ति प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष डॉ ओमियो कुमार विश्वास ने रविंद्र नाथ टैगोर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं डॉ अधीर कुमार विश्वास, दासरथी बनर्जी, कल्याण मजूमदार, सुधन्य घोष जैसे समाज के वरिष्ठ जन के द्वारा मंगलदीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के नंदिनी कुमारी, द्वितीय सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा हर्षिका सोनी और तृतीय स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल के जनक कुमार साव को पुरस्कृत किया गया। रविंद्र नाथ टैगोर की कविता सुख-दुख पर आवृत्ति प्रतियोगिता में प्रथम अद्रिजा विश्वास, द्वितीय अंतरा मुखर्जी एवं तृतीय स्थान अहाना साहा को मिला। नेताजी सुभाष एवं आजाद हिंद फौज विषय पर हुए भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पिऊ विश्वास द्वितीय राजसी दास और तृतीय स्थान अनिकेत बनर्जी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध पुरोहित भूतनाथ मजूमदार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। अशोक दास गुप्ता स्मृति मंच पर स्वागत संगीत की प्रस्तुति सुनील देवनाथ, सुजीत विश्वास, विपुल गुप्ता इंद्राणी मुखर्जी, मौसमी विश्वास, प्रिया बैनर्जी, तबला में संगत शिवम कुमार एवं ढोलक में साथ अभिनंदन राय ने बखूबी निभाया। संगीत में अपूर्वा सरकार, अद्रिजा विश्वास, पिऊ विश्वास, अरिजीत विश्वास, अभिनंदन राय, अहाना साहा, सुजाता चक्रवर्ती एवं असीम मुखर्जी ने बेहतरीन संगीत की प्रस्तुति की वही नृत्य में सुलगना राय, कार्यक्रम में आयोजित श्रुति नाटक का सफल प्रस्तुति विपुल गुप्ता एवं मौसुमी मल्लिक ने की। कार्यक्रम का संचालन संदीप मुखर्जी, मिली मित्रा एवं सुलगना राय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव उत्तम चटर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक सरकार, विमल चटर्जी, डॉ अभिजीत राय, सपन डे, उत्तम दास पाल, चंद्रानी सरकार, शर्मिष्ठा पाल, तारकनाथ दत्ता, भ्रमर राय आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ सीमा विश्वास, डॉ लूना मित्रा, बालका दास गुप्ता, रूपा सामंता, चैताली चटर्जी मृदुला मजूमदार, दिलीप मजूमदार, डॉ पवित्र बनर्जी, कुमार रामेशम, गौतम पाल असीम सरकार विभूतिभूषण चक्रवर्ती रूपा राय, बनानी घोष, अरूप मित्रा, जूही दास गुप्ता आदि सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 90 लाख की लागत से बोकारो सदर अस्पताल का बदलेगा स्वरूप



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** 90 लाख रुपए की लागत से बोकारो सदर अस्पताल का स्वरूप एक बार फिर बदला बदला सा नजर आएगा। इसके लिए न केवल डीपीआर तैयार किया गया है बल्कि विशेष प्रमंडल द्वारा काम भी शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही अस्पताल अब नए लुक में दिखेगा। इसकी जानकारी अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि अस्पताल के स्वरूप को बदलने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के विशेष प्रमंडल ने प्रयास से शुरू कर दिया गया है। जल्द ही अस्पताल नई लुक में दिखेगा। अस्पताल में पेवर ब्लॉक, मरीज के अभिभावकों के लिए वेटिंग हॉल, फायर सेफ्टी के लिए पानी स्टोरेज, 1 लाख लीटर का टैंक, 3 लिफ्ट, सौ मीटर लंबी नालियां इत्यादि का निर्माण किया जाएगा। साथ ही आधुनिक संसाधनों से लैस सुलभ शौचालय का भी व्यवस्था किया जाएगा। ताकि मरीजों के परिजनों को किसी तरह की और असुविधा नहीं हो। पहले फेज में 100 मीटर लंबी नालियां बनाया जाएगा। इसके लिए भूमि पैमाइश भी की गई है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रमंडल द्वारा कार्य को शुरू कर दिया गया है। स्थिति को देखते हुए वर्न यूनिट को भी हाईटेक करने का काम शुरू किया गया है। शीघ्र ही आधुनिक संसाधनों से लैस आधुनिक इलाज शुरू होगा।

## खैराचातर में किसान महासभा का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** कसमार प्रखंड के खैराचातार बाजार टांड में झारखंड किसान महासभा जय झारखंड द्वारा आहूत किसान बचाओ यात्रा के तहत किसान पंचायत का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूरे में झारखंड किसान महासभा के द्वारा पूरे राज्य में किसान बचाओ यात्रा के तहत 50 पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है। कसमार में आयोजित यह दूसरी पंचायत है जिसमे सैकड़ों की संख्या में किसानों ने भाग लिया। झारखंड किसान महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की कृषि और यहां के किसान सिर्फ और सिर्फ चुनावी मुद्दा बन कर रह गए है। किसानों की समस्याओं से किसी को लेना देना नही रह गया है। श्री महतो ने कहा कि, सरकारें किसी की भी रही हो, बीते 23 वर्षों में यहां के किसानों के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हुए है। पंचायत में मुख्य रूप से उपस्थित संतोष महतो ने कहा कि चाहे धान की एमएसपी हो या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में मुआवजा हो या फिर किसानों की जमीन की सरकारी लूट हो, किसी भी मामले में आज तक किसी भी सरकार ने कोई प्रभावशाली नीति नही बनाई और अब ये अत्यंत जरूरी हो गया है कि, झारखंड के किसान गोलबंद हों। भारत के अन्य राज्य जो कृषि के छेत्र में लगातार तरक्की कर रहे उसके पीछे उन राज्यों के किसानों का संगठित होना भी एक बहुत बड़ा कारण हैं। पंचायत में क्षेत्रीय किसानों ने बढ़-चढ़कर अपनी समस्या रखी। पंचायत में सिंहपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बिनोद कुमार महतो, निलेश महाराज, अशोक कुमार महतो, मुनिनाथ महतो, कुलदीप महतो तथा समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## यातायात विभाग के ठेका मजदूरों का हो रहा है शोषण



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की नीति एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर बोकारो इस्पात संयंत्र के यातायात विभाग के दर्जनों ठेका मजदूरों ने शाखा अध्यक्ष सुभाष चंद्र कुंभकार एवं ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में संघ के प्रधान कार्यालय सेक्टर 9 में यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी ठेका मजदूर पहले किसी अन्य यूनियन के सदस्य थे। सदस्यता ग्रहण करने वाले नये सदस्यों एवं यातायात विभाग के शाखा कमेटी के ठेका मजदूरों को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात विभाग के ठेका मजदूर संयंत्र की जीवन रेखा के रूप में काम करते हैं। मगर वर्तमान यातायात प्रबंधन ठेकेदारों से सांठ-गांठ कर ठेका मजदूरों के शोषण एवं नोट छापने में व्यस्त हैं। लोको ड्राइवर जैसे अहम कुशल कामगार को सिर्फ 400 रूपए के हिसाब से वेतन दिया जाता है। वहीं यार्ड पोर्टर 300-350 रूपए में काम करने को मजबूर हैं।

कहा कि महीने में 26 दिन ड्यूटी करने के बावजूद सिर्फ 15 से 20 दोनों का हाजिरी मास्टर शीट में दशार्या जाता है, फाइनल का पैसा जबरन वसूला जाता है। आवाज उठाने वाले ठेका मजदूरों का गेट पास छीन लिया जाता है, काम से निकाल दिया जाता है मतलब शोषण चरम पर है। मौके पर जगदीश महतो, बलदेव महतो, गौतम कुमार मंडल, कृपा नन्द महतो, मनोज कुमार, उमेश कुमार, अनन्त नारायण महतो, दीपक कुमार, खिरोधर कालिन्दी समेत दर्जनों नये सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय नवयुवक सेवा समिति की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**बुढ़मू :** राष्ट्रीय नवयुवक सेवा समिति की बैठक बुढ़मू राय रोड स्थित अजीत साहू के होटल के पास आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ज्योति शंकर साहू ने किया। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड के मक्का ग्राम में जैविक उद्यान पार्क बनाने के लिए रांची के सांसद संजय सेठ से जल्द मुलाकात करेंगे। साथ ही बैठक में कहा गया कि पूर्व में सदस्यों के द्वारा पार्क बनाने के लिए लिखित रूप से सांसद को दिया गया है। और इसके लिए सांसद के द्वारा प्रयास किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष ज्योति शंकर साहू उर्फ. भगत ने कहा की प्रखंड क्षेत्र अति पिछड़ा क्षेत्र है और प्रखंड में किसी उद्योग नहीं रहने के कारण अधिकांश लोग बेरोजगार हैं। और पार्क बनने पर इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही बैठक में कहा गया कि इस क्षेत्र का वन भी बचेगा। बैठक में सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों से देखकर बनाने का मांग किया है। मौके पर बैठक में नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष ज्योति शंकर साहू उर्फ भगत जी, सचिव राजीक आलम, कोषाध्यक्ष बशारत गंझु, सुनील कुमार साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** ▶ डीपीएस चास में द्विवार्षिक हाउस फंक्शन उन्मेष कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## सेल्फ मोटिवेशन और कठिन परिश्रम सफलता के मूल मंत्रः एसपी

▶▶ एकेडमिक करियर को किया साझा

▶▶ राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम किया प्रस्तुत

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में द्विवार्षिक उन्मेष-होगा कल सुनहरा हाउस फंक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका ध्येय वाक्य था होगा कल सुनहरा। इसमें गंगा व यमुना हाउस के विद्यार्थियों ने नृत्य व संगीत का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियदर्शी आलोक आईपीएस एसपी बोकारो व विशिष्ट अतिथि आशीष कुमार गुप्ता मुख्य कार्यपालक अधिकारी ईएसएल बोकारो थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा अतिथियों का स्वागत बाल वृक्ष देकर किया गया। वहीं गंगा हाउस के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वंदे मातरम गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक ने अपने एकेडमिक करियर के पलों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मूल मंत्र भी दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होना है, तो सबसे पहले अपने लक्ष्य को निर्धारित करें कि आपको क्या बनना है। उसके बाद सेल्फ मोटिवेशन और कठिन परिश्रम की जरूरत पड़ती है। इन तीनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन में आगे बढ़े, तो सफलता आपके कदम चूमेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ईएसएल के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन, प्रो. वाइस चेयरमैन एन. मुरलीधरन, डायरेक्टर नवीन शर्मा, कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे, डीन एकेडमिक जोस थॉमस, डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल, सैकड़ों अभिभावक सहित सभी शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

## न्यूज फटाफट

### अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक



**बोकारो :** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चास निवासी सीताराम रवानी (76) का निधन रविवार को इलाज के दौरान नीलम अस्पताल चास में हो गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि अधिवक्ता सीताराम रवानी को अपराधिक व दीवानी मामले में समान पकड़ था। वे मूलतः बाघमारा प्रखंड धनबाद के रहने वाले थे। वे 1977 से विधि व्यवसाय में थे। लगभग 46 वर्षों से वकालत कर रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, संजीत कुमार सिंह, मो. हसनैन आलम, दीपिका सिंह, शंकर दे, संजय कुमार प्रसाद, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, कमल कुमार सिन्हा, वंशिका सहाय, सुकमती हेसा, सुनील चांडक, धनजी चौधरी, विभा कुमारी, ज्योति प्रकाश चौधरी, इंद्रनील चटर्जी, निखिल कुमार डे, सुभाष नायक, राणा प्रताप शर्मा, विष्णु चरण महाराज, धुर्वेश्वर मंडल, अशोक कुमार पांडेय, कौशल किशोर, संदीप पूर्ती, राणा प्रताप शर्मा, हिमांशु शेखर, बिष्णु प्रसाद नायक, प्रीति श्रीवास्तव, कमल कुमार सिन्हा, गोविंद नारायण सिंह, मिथलेश कुमार, अशोक कुमार यादव, रीना कुमारी समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

### भाजपा ने स्व. राजेंद्र महतो को किया याद



**चास :** बोकारो मनुष्य को जन्म के बाद मरना जरुर होता है परंतु जन्म से मरण के बीच आयु में जो व्यक्ति समाजहित में काम कर जो नाम अर्जित करता है वह आदमी अजर अमर हो जाता हैं। उक्त बातें आंदोलनकारी सह पूर्व भाजपा नेता स्व. राजेन्द्र महतो की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित उनके पैतृक गांव पारटांड़ में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि स्व. राजेन्द्र महतो जहां भी रहे वह समाज हित में एक कुशल कारीगर के रूप में समाज को तरासते रहे। श्री सिंह ने कहा कि उनका रहन-सहन, खानपान वह वेशभुषा सदा साधारण रहा। समाज में शोषित, पीड़ित, गरीब, किसान आदि की हितों की रक्षा के लिए वे सदा आंदोलन करते रहे साथ ही वनांचल आंदोलन को दिशा व दशा दिलाने में स्व. महतो की विशेष योगदान रहा। श्रद्धांजलि देने वालो में पूर्व सांसद रविंद्र पाण्डेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, जयदेव राय, अखिलेश्वर महतो, भैया आर एन ओझा, जगनाथ राम, लक्ष्मण नायक, विक्रम महतो, श्रवण कुमार, राजदेव माहथा ,हाबुलाल गोराईं, करम चांद गोप, पार्वती चरण महतो, सुदर्शन सिंह, बंशीधर बाउरी, योगेन्द महतो, अवधेश महतो, ईश्वर चंद्र प्रजापति, काशीनाथ सिंह, बिनादे महतो, विदेशी महतो, विनोद घोषाल, संजय महतो आदि शामिल रहे।

### मेहनतकशों की समस्याओं का निदान होगाः महेश



**लोहरदगा:** ऐक्टू लोहरदगा के प्रथम जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला संयोजक सह राष्ट्रीय पार्षद महेश कुमार सिंह ने कही उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भी समूचे देश में मेहनतकश अवाम को न तो एक समान मजदूरी मिलती है और न सुविधा एवं प्रोन्नति।इसलिए मजदूरों की एकजुटता आवश्यक है। कार्यक्रम में तमाम साथियों ने सत्यदेव भगत सभागार में विचारणीय विषयों के बहस में अपनी-अपनी बातें रखीं। तत्पश्चात जिला कमिटी लोहरदगा के निम्नलिखित पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से निर्वाचन किया गया। जिसमें विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, इसी तरह कार्यकारी अध्यक्ष राम कुमार महतो, उपाध्यक्ष देवेन्द्र लाल दास,पद्मा देवी,कमला देवी,जिला सचिव मो0 जफर आलम ,संयुक्त सचिव-कमलेश राम,मो मोख्तार अंसारी,फूलदेव कुजूर,उप सचिव-सुधीर उरांव, करमचंद उरांव, कोषाध्यक्ष-वसीम अंसारी, कार्यकारिणी समिति के सदस्य- फूलदेव उराँव,रूपा उराँव,कौशल्या उरांव, अलाउद्दीन अंसारी,दिलमोहन साहू,गंगा उराँव,चैतु मुंडा। सम्मेलन में 06-07 नवम्बर 2023 को बोकारो में आयोजित ऐक्टू झारखंड के राज्य सम्मेलन तथा 26-28 नवम्बर 2023 को राज भवन के समक्ष मजदूरों के महापड़ाव को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

### प्रखंड के 6 सड़को को मिला प्रशासनिक स्वीकृति

**चांडिल :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ प्रखंड के 6 महत्वपूर्ण सड़को का निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जिसमें बड़ा आमड़ा हुटुप से डूंगरीडीह भाया हुंडी तक पथ का सुद्दढ़ीकरण, सितु से हड़तालडीह तक पथ का सुद्दढ़ीकरण, झारुवा से चोगा तक पथ का सुद्दढ़ीकरण, कुमारडीह से बड़ाचुनचुड़ीया तक पथ का सुद्दढ़ीकरण, टीकर सिल्ली रोड से बंगाल बॉडर भाया रघुनाथपुर तक पथ का सुद्दढ़ीकरण व सितु बड़ा लापांग रोड से सापड़ा तक पथ का सुद्दढ़ीकरण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। उक्त बात कि जानकारी केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

### मंगल पूर्ति बने झारखंड ड्राइवर महासंघ के अध्यक्ष

**गुवा:** सेल गुवा फुटबॉल में झारखंड ड्राइवर महासंघ के चालकों ने आज रविवार शाम को बैठक कर गुवा पंचायत स्तरीय ड्राइवर अध्यक्ष का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड ड्राइवर महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष मंगल पूर्ति की अध्यक्षता में की गई। यह चयन प्रक्रिया उपस्थित चालकों की सर्वसम्मति से की गई। जिसमें राजकुमार बोसा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष किशोर दास, सचिव धीरू साहू और गुवा पंचायत एडविन सियानन गोप को बनाया गया। साथ ही बैठक के दौरान चालकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का विचार विमर्श भी किया गया। एवं झारखंड ड्राइवर महासंघ से चालकों को जोड़ने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक के माध्यम से आह्वान किया गया कि आगामी 15 नवंबर को बिरसा जयंती पर जमशेदपुर में जिला स्तरीय बैठक कर विभिन्न पंचायत से विशाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान इस बैठक में बबलू तांती,अभिषक दास,आशीष दास, सनी सिंह,शेरू सोनार,सुरेंद्र हो,बुधराम लागुरी,राजा महापात्रों,निरल जोजो, मुन्ना नायक,शिबू गोप,छोटू गोस्वामी सहित काफी संख्या में ड्राइवर उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण की ली गयी शपथ

**बेरमो** : बोकारो थर्मल डीवीसी द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह शनिवार को गोविंदपुर डी पंचायत भवन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया । सर्व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के फोटो पर माल्यार्पण कर भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण की शपथ ली गयी। डीवीसी डीजीएम बीजी होलकर ने कहा कि जागरूकता सप्ताह के दौरान आम नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखंडता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पेंटिंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**बेरमो** :फुसरो स्थित न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो में पेंटिंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के सचिव महारूद नारायण सिंह और निर्देशिका सुषमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। निर्देशिका सुषमा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता से बच्चों में उनके कला एवं अतिरिक्त रुचि में निखार लाते हैं तथा बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में सर्वाधिक विकास में सहायता प्रदान करती है। सचिव महा नारायण सिंह ने कहा कि बच्चों के लिए ऐसे आयोजनों से प्रतिभा का विकास होता है और उनमें अच्छा करने की भावना आती है।जिसमें स्कूल के छात्र-छात्रा के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सीसीएल जीएम असैनिक गुणवत्ता अधिकारी का कथारा क्षेत्र का दौरा

**बेरमो/कथारा**: सीसीएल के महाप्रबंधक असैनिक गुणवत्ता पीके साहू ने कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना में चल रहे कार्य का अवलोकन किया। श्रीसाहू जारंगडीह परियोजना के बाबू क्वार्टर पहुंचे। यहां श्रमिको के कॉलोनियो की साफ-सफाई और उनके आवास में चल रहे मरम्मती के काम का मुआयना किया। आवास में लगाए जा रहे दरवाजे खिड़कियों की गुणवत्ता देखी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### काली पूजा समिति के विनय कुमार अध्यक्ष व रंजीत कुमार सिंह बने सचिव

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : श्री श्री काली पूजा समिति झारखण्ड कोलियरी की बैठक इचाकडीह पंचायत के स्थानीय पंद्रह नंबर (झारखंड) मंदिर के प्रांगण में सकलदेव की अध्यक्षता व राजेंद्र प्रसाद के संचालन में शनिवार को संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मती से काली पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व में नई समिति का गठन किया गया। जिसमे विनय कुमार को अध्यक्ष व राजेन्द्र सिंह को सचिव के रूप में चयन किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए बिनोद केशरी, ध्रुव कुमार सिंह, अशोक रजवार को चुना गया है। सहसचिव मे राजू मुंडा, प्रेमलाल महतो, राजू मोची कार्यकारी अध्यक्ष में शुशील कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य में जालेश्वर मिस्त्री, श्रवण कुमार, मनोज कुमार महतो, रामबली चौहान, मानिक साव, शमशेर आलम, प्रमोद महतो, गणेश यादव, बद्री सिंह, कंचन महतो, भुनेश्वर महतो, जैना उरांव समेत अन्य को चुना गया।

### सुभाषनगर कॉलोनी में पानी की कमी से लोग परेशान:महेंद्र

**बेरमो** :सीसीएल बीएडके क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर कॉलोनी मे रहने वाले हजारो लोग को पानी के लिए जद्दोजहद करने को लेकर मजबूर है। उक्त बाते इंटक के वरीय नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने कही। कहा कि पांच दिनो से पानी आपूर्ति बंद है। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने को लेकर लाखों करोड़ों की राशि आवंटित करती है, ताकि कर्मियों को बेहतर सुविधा मिल सके। सीसीएल और मिनी रत्न कंपनी कहे जाने वाले सीआरएस योजना के तहत सीसीएल के अगल-बगल गावों में कुआं चापानल, सड़क खेलकूद, नाली सुविधा मुहैया कराने वाले कंपनी के लोग आज खुद दुसरे पर आश्रित है।

---

**प्रदर्शन** टायर जलाकर किया सड़क जाम,घटना स्थल पर पुलिस छावनी में तब्दील

# मंदिर में असामाजिक तत्वों ने मूर्ति से छेड़छाड़ की, घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश



- पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास व आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा
- पुलिस की कई टीम आरोपी की खोजबीन में जुट गई है

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया स्थित छरछारिया झरना के पास स्थित मंदिर में मूर्ति के साथ की गई छेड़छाड़ की घटना के बाद हिंदू संगठनों में भारी उबाल देखा गया। हिंदू संगठनों ने ललपनिया गोमिया मुख्य मार्ग को जाम करते हुए टायर जलाकर विरोध किया। इस भारी विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। यानी दुसरे शब्दों में कहे तो मौके की नजाकत को समझते हुए पुरे घटना स्थल को पुलिस छावनी में तब्दील करने के साथ-साथ मौके पर बेरमो एसडीएम और एसडीपीओ पहुंचकर विरोध कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का काम किए।

मंदिर कमेटी के लिखित शिकायत के बाद मामला दर्ज किए जाने की बात और आरोपियों पर जल्द कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम को हटाया गया।ललपनिया में लुगू पहाड़ को बचाने और आदिवासियों के सबसे बड़े धर्मस्थल की अस्तित्व को बचाने को लेकर आदिवासियों का आज जनाक्रोश महाजुटान कार्यक्रम निर्धारित था। इसके बाद आदिवासी समाज के लोग भी पारंपरिक वेशभूषा में हरवे हथियारो के साथ पहुंच गए और मामला तनावपूर्ण होने लगा।

मौके पर पहुंचे झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने लोगों को समझाने बुझाने का काम किया और मामला शांत करवाया। हीरालाल मांझी ने इसे असामाजिक तत्वों की करतूत बताई है और कहा कि यह एक बड़ी साजिश है। प्रशासन इस पर अपना कारवाई करेगी। उन्होंने कहा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का भी काम किया जाएगा।बेरमो एसडीओ ओर एसडीपीओ ने कहा कि जो भी लोग दोषी हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी क्योंकि किसी की भी धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है।समाचार लिखे जाने तक इस घटना से संबंधित किसी की भी गिरफ्तारी की सूचना प्राप्त नही हुई थी जबकि की मौका-ए-वारदा तबेरमो एसडीएम शैलेश कुमार तथा बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह स्वय भारी पुलिस बल के साथ



कैम्प कर रखे थे। बहरहाल दुसरे शब्दों में कहें तो इस घटना के आरोपी चाहे जो भी मगर आपसी भाईचारे तथा शांतिपूर्ण माहौल को अशांत करने का प्रयास प्रतित होता है। वही दुसरी तरह पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पुलिस की कई टीम आरोपी की खोजबीन में जुट गई है।

---

वनाधिकार समिति के अंतर्गत ग्राम सभा का आयोजन

## लंबित 36आवेदन को पुन: ग्रामसभा के माध्यम से किया गया पारित



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** :डाड़ी प्रखंड के डाड़ी पंचायत सचिवालय में वन अधिकार समिति के तहत ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डाड़ी मुखिया लखन लाल महतो द्वारा की गई। ग्राम सभा के माध्यम से लम्बित 36 आवेदन को पुनः ग्राम सभा के माध्यम से पारित किया गया.साथ ही 28नए आवेदन की स्वीकृति भी दी गई। इस ग्राम सभा में वन समिति के अध्यक्ष शिव जी बेसरा, सचिव महेश ठाकुर, प्रकाश महतो, असलम अंसारी, राजन, राज कुमार , पंचायत सचिव लाल बहादुर महथा, कुलेश्वर राम , गोपाल राम, अर्जुन महतो आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

---

संडे बाजार में बोकारो जिला दलित शोषण मुक्ति मंच की बैठक

## 4 दिसंबर को दलित संगठन करेंगे संसद भवन मार्च :मनोज पासवान



एजेंसियां

**बेरमो /जरीडीह बाजार** : दलितों पर बढ़ रहे अत्याचार के खिलाफ 4 दिसंबर को देश भर के दलित संगठन करेंगे संसद भवन मार्च , इसी क्रम में आज बेरमो के संडे बाजार में दलित शोषण मुक्ति मंच बोकारो जिला कमेटी ने दलित संगठनों को एक मंच पर आने का किया अपील , कहा ऐतिहासिक होगा संसद मार्च, 2024 में केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान, कहा संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त, बोकारो जिला दलित शोषण मुक्ति मंच ने जिला अध्यक्ष लखन लाल की अध्यक्षता में की बैठक, कहा दलित बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत कॉपी, किताब देना था, वह भी बंद कर दिया गया है, मंच के नेताओं ने कहा झारखंड के 80% दलितों के पास खतियान नहीं है, जिसके कारण उनके बच्चों को जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, बैठक में स्मार्ट बिजली बिल का भी किया गया विरोध, कार्यक्रम में मुख्य रूप से दलित शोषण मुक्ति मंच के बोकारो जिला अध्यक्ष लखन दास, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम नारायण सतनामी, कोषाध्यक्ष भोला रजक, अर्जुन दास ,अविनाश पासवान, जितेंद्र पासवान, उमेश पासवान, दिना निषाद, राजू सिंह, अनूप पासवान आदि मौजूद थे।

---

सीसीएल के 85 एकड़ गैर मजरुआ जमीन को लेकर हुई ग्राम सभा

## ग्रामीणों ने वनाधिकार समिति पुनर्गठन की ग्रामीणों ने रखी मांग




राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी**: सीसीएल के टोंगी क्लब अरगड्डा में सिरका के 85.86 एकड़ गैर मजरुआ जमीन व 40 एकड़ अनुसूचित वन भूमि के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी अमरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। ग्राम सभा में सीसीएल, रामगढ़ प्रखंड, वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। उक्त ग्राम सभा में तकरीबन 87 ग्रामीणों ने गैर मजरुआ जमीन पर अपना दावा पेश किया। साथ ही 2006 से चले आ रहे वन अधिकार समिति का पुनर्गठन किए जाने की बाते कही गई। कहा गया कि इससे सिरका में गैर मजरुआ जमीन का दावा और इससे जुड़ाव की स्थिति साफ हो पाएगी। इधर सीसीएल, प्रखंड और वन विभाग से पहुंचे अधिकारियों ने भी ग्रामीणों की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनी। साथ ही जो भी कमी है इसके लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। जल्द ही समिति गठन की भी बातें कही गई। इस दौरान ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि रैयती जमीन के अगल-बगल जो भी गैर मजरुआ जमीन है। उसकी दावेदारी रैयत ही करेगा। इसके अलावे कई ग्रामीणों ने अपनी ओर से आपत्ति दर्ज कराया। मौके पर सीआई राजा राम, पीओ श्रीकांत शर्मा, सुखदेव कुमार, पूर्व नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, जगनारायण बेदिया, तिवारी महतो, नागेश्वर महतो, पार्षद अनु विश्वकर्मा, लखन पासवान, कालीचरण, कार्तिक महतो, बलदेव महतो, सिकंदर महतो, विनोद करमाली, अर्जुन बेदिया, धनेश्वर महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## महिलाओं के लिए क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**गुवा**: सेल गुवा प्रबंधन के तत्वधान व सेल गुवा मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर गुवा सेल के एचआरडी भवन में महिलाओं के लिए क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान क्वीज प्रतियोगिता में महिला समिति की महिलाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता का थीम भ्रष्टाचार को लेकर था। आयोजित क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम गीता आनन्द, द्वितीय श्वेता सिन्हा एवं तृतीय मानसी दास रही इस पूरे सतर्कता जागरुकता सप्ताह का संचालन की अगुवाई कर रहे सतर्कता जागरुकता पदाधिकारी सह सहायक महाप्रबंधक पंकज दास का सहारनीय योगदान रहा है। इस मौके पर सेल के कार्मिक विभाग उप महाप्रबंधक नरेन्द्र कुमार झा, महाप्रबंधक आर के बँगा, एसपी दास,राकेश नन्दकोलियर, पंकज दास, दीपक प्रकाश, डॉक्टर टीसी आनंद, धर्मेंद्र सेठिया सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**धरना प्रदर्शन** एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर पीओ को सौंपा मांग पत्र

# पन्द्रह दिनों के अंदर मांगों को पूरा करे प्रबंधन : खीरू महतो

- पीओ को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया
- महतो ने कहा कि आपके अधिकार के लिए सड़क से सदन तक लड़ूंगा

राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले विस्थापितों, प्रभावितों के द्वारा सीसीएल हजारीबाग प्रक्षेत्र के झारखंड उत्खनन परियोजना के प्रांगण में शनिवार को विशाल जन प्रदर्शन एवं सभा का आयोजन कर पीओ को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इसकी अध्यक्षता जदयू के प्रदेश महासचिव राजू महतो एवं संचालन सुरेश महतो ने किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सह कोयला सलाहकार समिति के सदस्य खीरू महतो ने कहा कि आपके अधिकार के लिए सड़क से सदन तक लड़ूंगा। उन्होंने आगे कहा कि पंद्रह दिनों के अंदर पांच सूत्री मांग को जेओसीपी प्रबंधन पूरा करे। इसके पूर्व इचाकडीह, पचमो, हुरदाग, रहावन, झुमरा, पूरनापानी, गोसी, दूधीबांध, तीतिरमरवा, ढोठाटांड़ समेत दर्जनों गांव के हजारों की तादाद में महिला पुरुष झारखंड पंद्रह नंबर मैदान में जमा हुए।



जहां से बाद में रैली निकाली गई जो परियोजना के पास आकर सभा में तब्दील हो गई। सभा में मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल, संजय कुमार सिंह, श्रवण कुमार, मेघनाथ प्रसाद, रमेश राम, राजेश रजवार, सफीक अंसारी, प्रमोद महतो, जगदीश रजवार, कौशल किशोर महतो, परमेश्वर महतो, नरेश महतो, मोबिन अंसारी, बसंत महतो, हरि कपरदार, ममता देवी, दासो महतो ने संबोधित किया।

---

### सीसीएल कर्मी की मौत, पुत्र को मिला प्रोविजनल नियुक्ति पत्र



**बेरमो** :सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र अंतर्गत एएडीओसीएम (अमलो) मे कार्यरत डंपर अपरेटर ठाकुर महतो की मौत इलाज के दौरान रांची स्थित मेडिका अस्पताल हो गई। जीएम एम के अग्रवाल और एसओपी बात कर पीओ के आर सत्यार्थी ने उसके पुत्र 23 वर्षीय घंनजय महतो को अमलोप्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया। मृतक नावाडीह थाना क्षेत्र के चपरी निवासी 54 वर्षीय ठाकुर महतो एएडीओसीएम मे कार्यरत था। 2 अक्टूबर की प्रथम पाली मे ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गया था। उसी दिन से इलाज चल रहा था। शनिवार को तड़के सुबह मेडिकाअस्पताल इलाज के दौरान निधन हो गया। यूनियन नेताओं ने जीएम मनोज कुमार अग्रवाल और एसओपी प्रतुल कुमार को आश्रित को तुरंत नौकरी देने के लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मृतक की पत्नी बाली देवी सहित यूनियन नेता हरेंद्र सिंह, विकास सिंह, शिवनंदन चौहान, धीरज पाण्डेय,गणेश मल्लाह, जयराम सिंह,मुरारी सिंह, जयनाथ मेहता ,नरेश महतो, मधु पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए केवी मेघाहातुबुरु के बच्चे बोकारो रवाना



**गुवा** : केन्द्रीय विद्यालय-1, सेक्टर 4, बोकारो स्टील सिटी में 6 एवं 7 नवम्बर को यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेने के लिये केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के 54 छात्र-छात्रायें एवं 5 शिक्षक-शिक्षिकायें 5 नवम्बर को बस से रवाना हुये। बच्चों के अभिभावक उन्हें विदा करने स्कूल पहुंचे। बच्चों व अभिभावकों में भारी उत्साह एवं जोश देखा गया। अभिभावकों ने बच्चों को विजयी होने का आशीर्वाद देकर रवाना किया। इस संबंध में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता केन्द्रीय विद्यालय, रांची रीजन अन्तर्गत रीजनल स्तर पर आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में कुल छह स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में संसद में होने वाली कार्यवाही, सत्ता पक्ष व विपक्ष की भूमिका, सवाल-जबाब आदि से जुड़ी कार्यवाही को दिखाने की कोशिश होगी, जो टीम प्रथम आयेगी वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय, रांची रीजन का प्रतिनिधित्व करेगी। संभवत: राष्ट्रीय स्तर की यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित होगी।

### झा पें कल्याण समाज की बैठक में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील

**गोला** : झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की बैठक एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला परिसर में नरेश चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के पेंशनर समाज के सभी सदस्यों एवं पारिवारिक पेंशनरों से अपने-अपने सम्बंधित बैंको में अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने पेंशन पुनरीक्षण का कार्य सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया गोला शाखा में किए जाने पर सेंट्रल बैंक के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। कहा गया कि 4%महंगाई भत्ता जुलाई महीने से मिलेगी। केन्द्र सरकार की तरह राज्य सरकार को भी बोनस देना चाहिए। बैठक में रामस्वरूप लाल खन्ना, बलराम करमाली, श्रीकांत महतो, वासुदेव महथा, चंद्रमोहन बेदिया, बच्चन प्रजापति, गोपी प्रसाद, पारस नाथ बेदिया, भगतु नाया, नेली सोरेन मौजूद थे।

### बड़ाजामदा में नहीं हुई छठ घाटों की सफाई ,छठ व्रतियों ने छठ घाट की सफाई की मांग की



**गुवा** : बड़ाजामदा बाजार स्थित छठ घाट की सफाई नहीं होने के कारण छठवर्तियों ने बड़ाजामदा में छठ घाट की सफाई करने की मांग उद्योगपति एवं समाजसेवी संजू शारदा से की मांग। ज्ञात हो की बड़ाजामदा में दो जगह छठ की पूजा होती है। पहले बाजार स्थित नाले में तथा दूसरा उढिशा बॉर्डर के समीप कांडे नाला मैं की जाती है। इन दोनों छठ घाटों की साफ सफाई बड़ाजामदा के उद्योगपति सह समाजसेवी संजू शारदा के द्वारा की जाती है।घाटों की सफाई के साथ-साथ पूरे रास्ते लाइट की व्यवस्था, छठ व्रतियों की महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए घेराबंदी, सड़कों पर पानी का छिड़काव, सुप डाला लेकर पैदल चलने वाले छठ व्रतियों के लिए कालीन भी बिछाई जाती है। साथ ही छठ व्रतियों के साथ-साथ सामूहिक तौर पर टी स्टाल भी नि:शुल्क की व्यवस्था की जाती है। इस संबंध में उद्योगपति सह समाजसेवी संजू शारदा के सहयोगी समाजसेवी संतोष प्रसाद उर्फ डेबरा ने आस्वत किया की बहुत ही जल्द दोनों छठ घाटों की सफाई एवं लाइट की व्यवस्था तथा सड़कों पर पानी का छिड़काव कर सड़कों पर पैदल चलने के लिए सड़क को भी दुरुस्त किया जाएगा।

### सीसीएल के गश्ती दल ने कोयला चोरों के विरुद्ध किया छापेमारी अभियान

**बेरमो /कथारा** : रविवार को अहले सुबह लगभग 4 बजे सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक के आदेशानुसार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय रात्री गश्ती दल स्वांग कोलियरी गश्ती दल स्वांग वाशरी गश्ती दल, गोविंदपुर गश्ती दल एवं बोकारो थर्मल थाना के गश्ती दल द्वारा संयुक्त टीम ने स्वांग कोलियरी , स्वांग वाशरी , एवं जरंगडीह कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध बड़ा छापामारी अभियान चलाया। स्वांग कोलियरी, कोयला स्टॉक, भिव प्वाइंट,एवं जीरो प्वाइंट तथा नदी किनारे में छापामारी की गई ।छापेमारी में गश्ती टीम को देख ही कोयला चोर मोटरसाइकिल एवं साइकिल छोड़कर भाग खड़े हुए। जिसमे 10 मोटरसाइकिल एवं 15 साइकिल को जप्त करने बाद वही पर पूर्ण रूप से छतिग्रस्त कर दिया गया एवं जप्त लगभग 6 टन कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया ।इसके उपरांत स्वांग वाशरी में भी छापामारी किया गया। छापेमारी में गश्ती टीम को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए जिसमे लगभग 50 बोरा कोयला चोरों द्वारा जमा किया गया कोयला को जप्त करने के साथ-साथ बोरे को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया एंव जप्त लगभग 2 टन कोयला को स्वांग वाशरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया ।ठीक उसी प्रकार जरंगडीह कोलियरी में भी लगभग 15 बोरा कोयला जप्त करने के बाद बोरे को फाड़ दिया गया एवं जप्त लगभग 1 टन कोयला को जरंगडीह कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया ।

## शहर >> अपडेट

### झारखंड की टीम का मुंबई में हार्दिक स्वागत

**हजारीबाग :** हजारीबाग नवझारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने आज गोवा में रोलबौल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्रमश : तृतीय एवम चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली झारखंड के लड़कों एवम लड़कियों की टीम को मुंबई में शॉल तथा डायरी देकर सम्मानित किया। उन्होंने झारखंड की युवा प्रतिभाओं के राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर उपस्थिति पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य में खेलकूद को प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### संत पॉल मॉर्डन स्कूल में विज्ञान और सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी

**बेरमो :** विधुत नगरी स्थित संत पॉल मॉर्डन स्कूल में विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा यह एक अद्भुत कौशल और विज्ञान और समाजिक ज्ञान की जीवंत पृष्टभूमि तैयार की गयी थी। प्रधानाचार्या स्वाति प्रियंका की अगुवाई में सजी प्रदर्शनी में एक से 12वीं के विद्यार्थियों ने बेहद आकर्षित करने वाले मॉडल सजाए थे। प्रदर्शनी में कुल 60 प्रोजेक्ट शामिल थे। जिसमें विज्ञान और सामाजिक अध्ययन पर आधारित था। विज्ञान में चंद्रयान-3, सोलर कुक्कर, पैरीस्कोप, बिजली बचाओ और पर्यावरण पर आधारित माडलों के साथ-साथ प्रदूषण से कैसे बचा जा सकता है। सडक सुरक्षा के नियम और समाज में फैली अन्य बुराइयों के संदर्भ में मॉडलों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्या स्वाति प्रियंका ने कहा कि प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागेदारी दर्ज करवाने से जहां सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती हैं। शिक्षण कार्य में बच्चों की रुचि बढ़ती है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य सभी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व की याद दिलाना और संस्कृति, परंपरा और इतिहास पर हमारे दृष्टिकोण को बढ़ाना था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राज्यसभा सांसद खीरू महतो का जोरदार स्वागत

**पेटरवार :** पेटरवार राज्य सभा सांसद सह जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का पेटरवार तेनुचौक में रविवार को जदयू कार्यकताओं की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। वे रांची से धनबाद जाने के क्रम में पेटरवार तेनुचौक पर कुछ देर के लिए रुके हुए थे। जहां पर जदयू कार्यकताओं ने बुके दे कर व फूल माला पहना कर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर जदयू बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो, चुन्नू महतो, सरद रजवार, धर्मेन्द्र महतो, जब्बार अंसारी, छोटे अंसारी,आकाश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**कमेटी गठित**

## कांग्रेस की पंचायत स्तरीय कोर कमेटी का गठन

# कामेश्वर सिंह अध्यक्ष व मो मंजूर बने सचिव

- पार्टी में दर्जनों लोग हुए शामिल
- विभिन्न प्रकार की योजनाओं की एक सूची तैयार की
- सारी योजनाएं बहुत जल्द आपके समक्ष धरातल पर होगी



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत भवन सभागार में विधायक अम्बा प्रसाद के भाई अंकित राज के नेतृत्व में पंचायत स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से कामेश्वर सिंह अध्यक्ष, मो0 मंजूर हुसैन सचिव, कृष्णा पासवान उपाध्यक्ष, पृथ्वीराज गुप्ता मीडिया प्रभारी, पप्पू कुमार राम उपसचिव, अजय पासवान पंचायत को ऑर्डिनेटर एवं कोर कमेटी के सदस्यों का भी चयन किया गया जिसमें नसीम अख्तर, गोविंद राम, संगीता देवी, सुबोध गिरी, कुंजल महतो, सोनमती देवी, संतोष कुमार महतो, अमर कुमार पांडेय, शंकरलाल राणा, अवधेश कुमार साव, मोहम्मद इरफान, आशा देवी, गणेश पासवान, अरुण कुमार रवि, सालो देवी, मोनिका कुमारी, जसोदा कुमारी, रोहित शर्मा शोभा देवी अनीश कुमार सिंह, शैलेश सिंह, रोहित कुमार सिंह सहित दर्जनों लोगों को समिति में चुना गया बैठक में अंकित राज ने कहा कि पंचायत की समस्याओं के समाधान के लिए हम हमेशा तैयार रहते हैं।

पंचायत की कोई भी समस्या हो बेझिझक साझा कर सकते हैं और उन समस्याओं को निदान करने के लिए हम प्रयास करेंगे, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हमारे नवनिर्वाचित पंचायत अध्यक्ष आपके जो भी समस्या हो उन समस्याओं से आप पंचायत अध्यक्ष को अवगत करायें और उनके माध्यम से हम आपकी समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि जो भी नवनिर्वाचित सदस्य चुने गए हैं सभी निर्वाचित सदस्य मिलजुल कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे ऐसा विश्वास है और ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे बैठक में पंचायत के विभिन्न प्रकार की योजनाओं की एक सूची तैयार की गई जिसमें विधायक फंड से 10 चापाकल, नाली, पीसीसी पथ निर्माण, मास्टर लाइट, मैदान समतलीकरण एवं उच्च विद्यालय के भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न समस्याओं को डायरी में लिखकर इन योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने का ग्रामीण जनता को भरोसा दिया।

साथ ही कहा कि ये सारी योजनाएं बहुत जल्द आपके समक्ष धरातल पर होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, रोहित कुमार सिंह, अमित कुमार, मुनेश्वर राम, अजय पासवान, कैलाश पांडेय, जय नारायण सिंह, सत्येंद्र पासवान, लालदेव राणा, मुन्ना सिंह, प्रभु महतो, दाहो महतो, मुकेश कुमार महतो, कैलाश महतो, रिंकू गुप्ता, दीपक रंजन, अमित कुमार सिंह, धनुनाथ प्रसाद, शांति देवी, प्रतिमा देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आश्रित को मिला भुगतान



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बडकागांव प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आश्रित को बीमा सुरक्षा की राशि का भुगतान किया गया। हजारीबाग जिले अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के ग्राम रुद्दी निवासी मोहम्मद अख्तर का निधन के बाद की गई। अख्तर खान का निधन सड़क दुर्घटना में होरम पुल बड़कागांव में हुआ था। मोहम्मद अख्तर ने भारतीय स्टेट बैंक बड़कागांव शाखा का लिंक ग्राहक सेवा केंद्र बादम में बचत खाता के माध्यम से 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा करवाया था। निधन होने के पश्चात नॉमिनी पत्नी अफसाना प्रवीण को 2 लाख रुपए का जीवन बीमा भुगतान मिला। उक्त बीमा योजना में बचत खाता के माध्यम से एक बार बीमा कर लेने के बाद स्वत बचत खाते से प्रत्येक वर्ष 20 रुपए प्रीमियम भुगतान होने का प्रावधान है। भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र बादम के संचालक कजरू साव ने कहा कि बादम सेवा केंद्र में नया खाता खोलकर पासबुक दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अटल पेंशन योजना रिकरिंग डिपॉजिट फिक्स एवं अन्य योजना का लाभ ग्राहकों को दिया जा रहा है। समय पर उसका भुगतान भी हो रहा है।

## प्रमाणिक जन सेवा मिशन के तहत दूसरी बार सेल का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग शहर सहित पूरे भारतवर्ष में मां दुर्गे का पावन पर्व की समाप्ति के पश्चात दीप उत्सव का महा पर्व दीपावली को लेकर सभी के घरों में रंग रोगन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है ऐसी स्थिति में घरों से काफी उपयोग ना होने वाले सामान निकलते है। जिसको लोग कचरे में फेंक दिया करते थे। परंतु इस वर्ष भी शहर की नारी शक्ति प्रमाणिक जनसेवा मिशन कि सदस्यों के द्वारा दूसरे के घरों में खुशी लाने की कोशिश की गई किसी के चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास किया गया उसी प्रयास के दौरान विभिन्न प्रकार की सामानों को एकत्रित कर शहर के जैन भवन में रविवार को सुबह 9:00 बजे से एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से सभी सामानों को महज 10 रु में असहाय, गरीब जनों को उपलब्ध कराया गया। प्रदर्शनी में करीबन एक हजार से भी अधिक लोग शामिल हुए। प्रदर्शनी में बच्चों के खिलौने, बच्चों के कपड़े, जूता चप्पल, क्रोकरी के आइटम्स, गर्म कपड़े, जींस, साड़ी, सूट जैसे कई अन्य सामान लगाए गए थे। सभी का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था जिसे किसी भी व्यक्ति को सामान ढूंढने में दिक्कत ना हो। प्रदर्शनी के दौरान हर व्यक्ति को पांच सामान खरीदने की मंजूरी दी जा रही थी। व्यक्ति को पांच सामानों का टोकन दिया जा रहा था। प्रदर्शनी में कई नए सामान को भी लाया गया था ऐसे कुछ व्यापारियों के द्वारा अपनी दुकान से नए कपड़े दी गई थी और उस कपड़े को महज 10 रु में गरीब असहाय लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा था। महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम से दो दिन पूर्व कार्यक्रम स्थल जैन भवन में प्रदर्शनी को लेकर सारी विधि व्यवस्था तैयार की गई थी जिसमें विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाई गई थी।

# ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। इस मौके पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही आईसेक्ट विश्वविद्यालय और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग को आसान बनाने को लेकर काम करने वाली कंपनी टेक्नोग्राउंड के बीच आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार व टेक्नोग्राउंड के संस्थापक रोशन कुमार, विनित प्रकाश, ऋतुराज, धीरज कुमार की मौजूदगी में एमओयू किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग डीन एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ अरविंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों के बीच क्वीज प्रतियोगिता कराई और सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। बता दें कि समापन समारोह में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे काफी सराहा गया। इस मौके पर समापन समारोह को संबोधित करते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेल-कूद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य के लिए प्रोत्साहित भी करती है।

## माताजी आश्रम में 14वां रक्तदान शिविर आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**हाता:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनांक 5 नवंबर 2023 को माताजी आश्रम हाता में 14 वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अबसर पर सम्मानीय अतिथि के रूप में पूर्व सिविल सर्जेन डॉक्टर अरविंद कुमार लाल, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद सुरज मंडल, मुखिया सुखलाल सरदार, मुखिया देवी भूमिज, मुखिया दुखनी माई सरदार, समाज सेवी जन्मेजय सरदार, समाज सेवी गणेश सरदार अ ादि उपस्थित थे। डॉक्टर अरविंद लाल ने धूप और दीप प्रजवाजित कर के रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। सुनील कुमार दे ने अतिथियों और रक्तदाताओं को स्वागत किया। शंकर चंद्र गोप ने रक्तदान का महत्व के बारे में विचार रखे। मेनका सरदार माताजी आश्रम की क्रिया कलापों की भूरी भूरी प्रशंशा की। डॉक्टर लाल ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। रक्तदान के बारे में पूर्वी सिंहभूम में ग्रामीण क्षेत्र में पोटका अग्रणी है। पोटका जो जागरूक हुआ है उसके पीछे सुनील कुमार दे और उनके साथियों का बिशेष योगदान है। रक्तदान शिविर पोटका में जगह जगह होने पर भी माताजी आश्रम में कुल 62 लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया जिसमें मोनिका दास महिला दाता भी शामिल हैं।

---

**सतर्कता सप्ताह**

## बीएसएफ मेरू कैम्प में मनाया गया सतर्कता जागरुकता सप्ताह

# भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें: के एस

- विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया
- भवन प्रांगण में सत्यनिष्ठा शपथ परेड
- निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता
- 84 सीमा प्रहरियों ने भाग लिया
- कार्मिकों एवं छात्रों को पुरस्कृत किया



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेशार्नुसार प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैम्प हजारीबाग में दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से दिनांक 05 नवम्बर 2023 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह के रूप में मनाया गया। 30 अक्टूबर 2023 को महानिरीक्षक के एस बन्याल प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, हजारीबाग के द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के प्रांगण में संस्थान में उपस्थित समस्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी प्रतिज्ञा/शपथ को दिलाकर प्रारम्भ किया गया। महानिरीक्षक के द्वारा समस्त उपस्थित बल के सदस्यों के बीच केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें के सम्बन्ध में तप्तर एवं कटिबद्व रहने के लिए बल दिया गया। उपरोक्त सप्ताह के दौरान महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के दिशानिर्देश में सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत कार्मिकों के बीच जागरुकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जो क्रमवार रुप में निम्न है। दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को प्रशासनिक भवन प्रांगण में सत्यनिष्ठा शपथ परेड का आयोजन किया गया। 31 अक्टूबर 2023 को इस संस्थान में उपरोक्त विषय पर निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 84 सीमा प्रहरियों ने भाग लिया। 01 नवम्बर 2023 को उपरोक्त विषय पर सतर्कता अधिकारी द्वारा सभी कार्मिकों के बीच सूचना तंत्र को मजबूत करने एवं पारदर्शिता को सुदृढ करने के सम्बन्ध में भाषण किया गया और बल के सदस्यों के बीच जागरुकता फैलाने का संदेश दिया गया महानिरीक्षक के एस बन्याल, के मार्गदर्शन में 02 नवम्बर 2023 को इस संस्थान के सतर्कता विभाग एवं केन्द्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैम्प के तत्वावधान में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति अंकिता शर्मा की उपस्थिति में केन्द्रीय विद्यालय के सभी वर्गो के छात्र एवं छात्राओं के बीच उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में जागरुकता फैलाने हेतु निबंध लेखन एवं पोस्टर मेंकिंग/चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया व सतर्कता जागरुकता सप्ताह के पूरे सप्ताह हेतु प्रायोजित कार्यक्रम के आधार पर दिनांक 03 नवम्बर 2023 को महानिरीक्षक महोदय एवं सीमा प्रहरियो के द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी वेबसाईटके माध्यम से ऑनलाईन शपथ लिया गया। उपरोक्तानुसार प्रायोजित कार्यक्रम के तहत इस संस्थान में केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये वीडियो का सतर्कता शाखा द्वारा संचालन किया गया। महानिरीक्षक के एस बन्याल प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप 04 नवम्बर 2023 को आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में कार्मिकों एवं छात्रों को पुरस्कृत किया। इस समारोह को संबोधित करते हुए महानिरीक्षक ने कहा कि किसी भी देश का उत्थान तभी हो सकता है जब वह देश भ्रष्टाचार मुक्त देश हो। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल सरहद की सुरक्षा के साथ-साथ समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार की रोकथाम में भी अपना योगदान प्रदान करती है। महोदय ने कहा कि हमें सतर्कता जागरूकता व राष्ट्रीय एकता की शपथ को आत्मसात करना चाहिए और यह हमारे जीवन शैली के क्रियाकलापों में परिलक्षित होना चाहिए। महोदय ने कहा बच्चो के चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया जाना चाहिए, जिससे देश का भविष्य सुरक्षित रहे। अंत मे महोदय ने कहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का पहला कदम लोगों को भ्रष्टाचार तथा उनके परिणामों के बारे में जागरूक करना है।

---

## न्यूज फटाफट

### पंचम कुमार अध्यक्ष रिंकी देवी सचिव व प्रीति कुमारी कोषाध्यक्ष बने



**बड़कागांव :** बड़कागांव पूर्वी पंचायत भवन में झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रोहन साव एवं संचालन महावीर प्रजापति ने किया। बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्वी पंचायत कमेटी का गठन किया गया अध्यक्ष पंचम कुमार, उपाध्यक्ष रेखा देवी, विशाल कुमार, विनीता देवी, सचिव रिंकी कुमारी, संयुक्त सचिव सोहर महतो, निशा कुमारी, रेखा देवी, किरण देवी, कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य महावीर प्रजापति, राजू कुमार, अशोक राम, अनीता देवी, संतोष राम पुशन महतो, आदि को बनाया गया हैं। संजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की आप सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक परिवार बन गए हैं झामुमो मजबूत करने का प्रयास करें। किसी भी समय किसी वक्त जिस प्रकार की जरूरत होगा हम विश्वास दिलाते हैं कि पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित मुख्य उपस्थिति मुख्य संयोजक संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, संजय भुईयां, प्रभु राम, पवन तुरी, अशोक राम, सोहर महतो, टिंकू कुमार, पुष्पा देवी, अनीता देवी, किरण देवी, सविता देवी, लीला देवी, विनीता देवी, अजय कुमार, ठेका महतो, दिलीप राम, इत्यादि सैकड़ों महिला पुरुष शामिल है।

### केंद्रीय भंडारण निगम के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर प्रखंड के सिंदूर पंचायत भवन में केंद्रीय भंडारण निगम भारत सरकार द्वारा चलाए गए पराक्रम के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में कार्यक्रम का किया गया आयोजन एवं भ्रष्टाचार का विरोध कर राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का लिया गया संकल्प। मौके पर पंचायत के मुखिया सरोज देवी, केंद्रीय भंडारण निगम प्रबंधक रवि रंजन कुमार, तकनीकी सहायक राजेश कुमार, आशीष कुमार ,समाजसेवी नगवां निवासीअरुण मेहता, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा मेहता ,सुदामा मेहता, विनोद गुप्ता एवं पंचायत के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### ब्लू स्काई सैलुन का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग :** हजारीबाग बंशीलाल चौक के समीप लेडिस व जेन्स का मॉडर्न हेयरस्टाल के लिए ब्लू स्काई सैलुन का उद्घाटन मुख्यातिथि बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक निर्मला देवी जबकि विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार व फिल्म निमार्ता निर्देशक राजेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पुर्व विधायक निर्मला देवी ने कही की बहुत खुशी की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र से युवा शहर में आकर नए नए तौर तरीके से अपने हेयर,फेस को आकर्षक बनाने के लिए महिलाओं व पुरुषों के लिए इस तरह का सैलुन खुला और हमे उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वही गौतम कुमार ने कहा इस तरह का सैलुन पुरा हजारीबाग में अलौकिक है। सैलुन का बनावट मुंबई जैसे शहरों जैसा मेल खाता है। वही फिल्म निर्माता निर्देशक राजेश सिन्हा ने कहा कि मुझे भी इस तरह का उद्घाटन में शरीक होने का अवसर प्राप्त हुआ, इस चीज का मुझे खुशी है। वही मंगुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा ने कहा कि हमारे पंचायत के लिए गर्व की बात है कि एक साधारण सा युवा आकर एक शहर में इस तरह का सैलुन का उद्घाटन हुआ। सैलुन के संस्थापक दीपक शर्मा ने कहा कि हमारे यहाँ सभी प्रकार के हेयर स्टाइल, फेसिअल, शादी का मेकअप, बॉडी मसाज व सभी प्रकार का श्रृंगार का स्वरूप उचित दर पर दिया जाता। मौके पर उद्घाटन के दौरान रंजीत यादव, शोभा कुमारी, रवि सिंह, फलक शमीम, छोटन प्रसाद मेहता इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम का समापन

**हजारीबाग :** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय नेशनल लेवल ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम का समापन को हो गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दो सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी)-2020 के लिए प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च स्तर के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नवीन तकनीकी-शैक्षणिक कौशल विकास की जानकारी दी गई। समापन कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा गौरीशंकर तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से शिक्षकों को भी सीखने का मौका मिलता है। यह एनईपी-2020 को बढ़ावा देगा. साथ ही शिक्षकों व विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। गेस्ट आफ आनर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डा बंशीधर प्रसाद रूखैयार ने कहा कि फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एनईपी-2020 के लिए काफी उपयोगी है। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के ऐसे कार्यक्रम से देश-विदेश के शिक्षक और शिक्षार्थी लाभान्वित हुए हैं। यह काफी सराहनीय पहल है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने बच्चों में सुधार के लिए सकारात्मक भूमिका निभाते हुए अभिभावकों और शिक्षकों को आत्मचिंतन करने की सलाह दी। साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस पर गौर फरमाने की अपील की। कार्यक्रम में मंच संचालन गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ बसुंधरा कुमारी और समन्वय सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि व डॉ रीतू कुमारी ने किया। मौके पर कार्यक्रम के चेयरपर्सन प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने सभी विद्वतजनों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर सभी प्राध्यापक और बीएड के प्रशिक्षु मौजूद थे।

### खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है: मुखिया

**बेरमो :** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर खेल मैदान में रविवार को अभ्युदय यूथ कल्ब द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम स्वराज मंच समिति द्वारा किया गया। यहां कार्यक्रम का उदघाटन मुख्यअतिथि पंचायत मुखिया पार्वती देवी ने फीता काटकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में तुलबुल एवं होसिर सहित आसपास पंचायत के विभिन्न बच्चे बच्चियों ने भाग लिया।इस अवसर पर मुखिया पार्वती देवी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम ग्राम स्वराज मंच समिति सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि क्लब व समिति द्वारा सिर्फ बच्चों को शिक्षा ही नहीं देती बल्कि देश एवं समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का मौका देती है।इसके बाद मुख्य अतिथि ने पुरस्कार पाने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया एवं उनके उज्ज्वलभविष्य की कामना की।मुखिया पार्वती देवी ने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### सड़क हादसे में एक की मौत

**चंदवा:** थाना क्षेत्र के अमझरिया घाटी में रविवार की दोपहर बाद अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमे बाइक पर सवार रौशन कुमार तिवारी पिता उदय नाथ तिवारी (पोलपोल, पलामू) गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहाँ डॉ नीलिमा ने प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### जुआ अड्डा बना महिला इंटर कॉलेज कैंपस

**पलामू :** शहर से सटे मोतिराज महिला इंटर कॉलेज स्थित राधा कृष्ण मंच और कैंपस आजकल जुआरियों का अड्डा बनी हुई है। इस कारण आस पास के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि शाम ढलते ही जुआरियों का जमावड़ा लगा जाता है। उक्त स्थल पर कई बार तो दिन में भी जुआ खेलते देखे जाते हैं। इस दौरान कई जुआरी नशे की हालत में अभद्र भाषा का प्रयोग करते रहते हैं।। इस कारण से राहगीरों के साथ ही कई लोग भी परेशान रहते हैं। बताया कि सुबह शाम ग्राउंड में बच्चे खेलने आते हैं। किंतु नशेड़ियों और जुआरियों की जमावड़ा लगने से उनके दिलो दिमाग पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। कई लोगों ने प्रशासन से जुआरियों के इस हरकत पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### विधिक सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजित

**मेदिनीनगर :** नालसा व झालसा के निदेर्शानुसार तीन नवंबर से नव नवंबर 2023 तक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी ।उन्होंने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांव गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

**पलामू :** रविवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा पलामू के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार दुबे के नेतृत्व में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी कमेटी के सदस्यों ने संगठन के संरक्षक मनोज सिंह पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद मेदिनीनगर से शिष्टाचार मुलाकात किया एवं जिले के शिक्षकों एवं शिक्षा संबंधी बातों पर चर्चा की गई सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारी को अस्वस्थ किया कि मेरे लिए शिक्षक हित एवं शिक्षा हित सर्वोपरि होगा जिले के कोई भी शिक्षक किसी भी समस्या पर कभी भी उनसे मिल सकता है उनकी पूरी कोशिश होगी समस्या का समाधान होगा वर्ष 2019 में नियुक्त शिक्षकों के सेवा संपुष्टि पर उन्होंने कहा सेवा संपोष्टि के लिए उपायुक्त पलामू से वह बात करेंगे नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान यथाशीघ्र हो इसके लिए भी जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात की जाएगी ।

### महायज्ञ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में तत्पर रहेगी पलामू पुलिस

**मेदिनीनगर :** महायज्ञ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में पलामू पूलिस सदैव तत्पर रहेगा ।यह कहना है पलामू के एसडीपीओ सुरजीत कुमार का ।श्री कुमार शनिवार को महायज्ञ स्थल पर सपत्नीक महावीर जी की आरती करने पहुंचे थे ।श्री कुमार ने कहा कि महायज्ञ स्थल पर हनुमंत पूजा के पश्चात प्रतिदिन भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है जो सनातनी संस्कृति के लिए बहुत ही सराहनीय है ।उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भव्य आरती समारोह के दौरान प्रतिदिन सुरक्षा के दृष्टिगत पीसीआर वैन के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे ।उन्होंने कहा कि 21 नवंबर की ऐतिहासिक कलश यात्रा में वो सपत्नीक शामिल रहेंगे।

**बैठक** जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

# महंगाई भत्ता का जल्द करें भुगतान नहीं तो होगा आंदोलनः मनोज कुमार मिश्र

- जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी
- इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई

राष्ट्रीय खबर



**देवघरः** कुष्ठ आश्रम रोड स्थित झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई, सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करने के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमित कर्मचारियों के एसीपी एमएसपी महंगाई भत्ता सहित अन्य सभी देय भत्ताओं के एरियर सहित भुगतान के लिए सिविल सर्जन देवघर से पत्र देकर मिलने हेतु समय की मांग की जाएगी और उनसे वार्ता के उपरांत जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। आवंटन उपलब्ध रहने की स्थिति में सभी बकाये का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर पंद्रह दिनों में करने और बकाया भुगतान में विलंब के लिए दोषी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए रणनीति बनाकर आंदोलन करने तथा कानूनी सलाह लेकर आगे की रणनीति तय करने का निर्णय लिया गया।उइसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारवां में अनुबंध पर कार्यरत एएनएम किरण मंडल के हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक मौत पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के राज्य उपाध्यक्ष अरुण कापरी, जिला सचिव अरुण प्रसाद यादव, अरुण कुमार चैधरी, विष्णु कुंवर, रीना कुमारी सहित एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्षा अलका कुमारी, बैकुंठ प्रसाद यादव, मंजू टुडू ,पिंकी कुमारी, रुबी कुमारी, पूनम कुमारी, शशिकला कुमारी, रेखा चोधरी, लता कुमारी, धर्मशीला कुमारी, किरण कुमारी, अनिता कुमारी, मीना कुमारी, संयुक्ता कुमारी, सुलोचना कुमारी, मनीष राज सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड ड्राइवर महासंघ ने बैठक कर अध्यक्ष का किया चयन



राष्ट्रीय खबर

**गुवाः** सेल गुवा फुटबॉल में झारखंड ड्राइवर महासंघ के चालकों ने आज रविवार शाम को बैठक कर गुवा पंचायत स्तरीय ड्राइवर अध्यक्ष का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड ड्राइवर महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष मंगल पूर्ति की अध्यक्षता में की गई। यह चयन प्रक्रिया उपस्थित चालकों की सर्वसम्मति से की गई। जिसमें राजकुमार बोसा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष किशोर दास, सचिव धीरू साहू और गुवा पंचायत एडविन सियानन गोप को बनाया गया। साथ ही बैठक के दौरान चालकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का विचार विमर्श भी किया गया। एवं झारखंड ड्राइवर महासंघ से चालकों को जोड़ने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक के माध्यम से आह्वान किया गया कि आगामी 15 नवंबर को बिरसा जयंती पर जमशेदपुर में जिला स्तरीय बैठक कर विभिन्न पंचायत से विशाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया।

## बुजुर्ग व महिलाओं का रखे विशेष ध्यानःथाना प्रभारी



राष्ट्रीय खबर

**गोडडाः** पुलिस अधीक्षक नाथूसिंह मीना के निर्देश पर नगर थाना प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने थाना में उपस्थित सभी सहकर्मी पुलिस पदाधिकारियो एवं पुलिसकर्मियों के साथ रविवार को थाना परिसर में एक बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि हम सब पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी एक ही परिवार हैं इसलिए सब टीम भावना के साथ काम करें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को थाना के प्रति, अपने कार्यो के प्रति, वरीय पदाधिकारियों के प्रति एवं आम लोगो के प्रति ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो को करने की सलाह दी। उन्होंने आगे कहा कि कार्य निष्पादन करते वक्त बुजुर्गों एवं महिलाओं के साथ सम्मान पूर्वक बात करे एवं उनका काम सेवा भाव से करे तथा बच्चों एवं जनसामान्य के साथ मित्रवत व्यवहार करे। थाना प्रभारी मोदक ने पुलिस पदाधिकारियो को निर्देश दिया कि समय का पाबन्द रखिये क्योंकि समय ही आपको शांति और सफलता की ओर ले जाती है इसलिए सभी प्रकार के गश्ती व ओ0डी0 ड्यूटी ससमय प्रारम्भ करे, अनुसंधान अन्तर्गत सभी कण्डो की कांड दैनिकी ससमय अद्यतन करें ताकि कांड का निष्पादन समय पर किया जा सके। माननीय न्यायालय से निर्गत सभी प्रकार के वारंट, इस्तेहार, कुर्की का निष्पादन सही समय पर करें। अभियुक्तों की गिरफ्तारी करे, वरीय पदाधिकारियों से जो भी आदेश, निर्देश एवं जांच की जिम्मेदारी मिलती है।

## बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया कोल्हुआ डैम का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** ग्रामीणों के एकसुर में मुखर विरोध और प्राप्त आवेदन के आलोक में पलामू जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी ने कल कोल्हुआ डैम में हुए जीर्णोद्वार का निरीक्षण किया । निरीक्षण में उन्होंने पाया कि इस पूरे निर्माण कार्य में बहुत बड़ा घोटाला हुआ । लघु सिंचाई विभाग द्वारा स्वीकृत 46 लाख रुपए को अधिकारी और शिवरामन कंस्ट्रक्शन द्वारा मिलकर बंदरबांट कर लिया गया है । अगर घटना स्थल पर कार्य की बात करें तो केवल पानी निकास के भव को बनाया है ,और कुछ हिस्से को समतली किया गया । इस पूरे प्रकरण में संवेदक द्वारा मात्र मामूली खर्च किया गया और सारा पैसा हजम कर लिया गया। निश्चित तौर पर ऐसे संवेदक सरकार के लोकप्रियता को आम जनमानस में खराब कर रहे है।आगे अपनें संबोधन में बिमला कुमारी ने कहा की मौके पर सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त पत्थर और सामग्री दोनो बहुत ही घटिया स्तर का है । मौके पर ही मैंने सभी के सामने पत्थर को उठाकर छोड़ा तो वह चूर चूर हो गया । प्रतिकर्थ यह है की ग्रामीणों की बात निश्चित तौर पर पूर्णतः सही है ।साथ ही ग्रामीणों ने बताया की पहले से डैम में लगा हुआ फाटक बिल्कुल ठीक था परन्तु जीर्णोद्वार कार्य के समय संवेदक द्वारा उसे निकाल लिया गया और अभी वर्तमान में लगा हुआ फाटक पानी के आवागमन को रोकने में बिल्कुल विफल है ।मैं जिले के उपायुक्त महोदय और सम्बंधित मंत्री से विभागीय करवाई की मांग करती हूं ।मौके पर पाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे ,शिवनंदन कुमार, दीनानाथ महतो, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सर्किट हाउस के लिये मोहनपुर में भूमि चिहिन्त



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** उपायुक्त ने कुंडा मोड़ समीप चरकीपहाड़ी स्थित बन रहे नव निर्मित समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण विभाग से नए समाहरणालय हेतु तैयार डीपीआर पर चर्चा करते हुए संबंधित एजेंसी व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने समाहरणालय भवन को लेकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसी व कार्यपालक अभियंता को कार्य की गुणवता पर विशेष ध्यान देने का का निर्देश दिया। वहीं चल रहे विभिन्न कार्यों की गुणवता की जांच करते हुए तय समय अनुसार कार्यों को पूर्ण करने का निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिया। वहां मौजूद भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा भवन के अन्तर्गत निर्माण किये जा रहे विभिन्न भागों की जानकारी से उपायुक्त को अवगत कराया गया । समाहरणालय भवन को पर्यावरण के अनुकूल बनाने से जुड़े कार्यों को लेकर एजेंसी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

**प्रतियोगिता** राजधानी रांची के खेलगांव स्टेडियम में आयोजित खेलो झारखण्ड के अंतर्गत

# यूकेजी की छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

- पलामू की दो बेटियों का जबर्दस्त प्रदर्शन रहा है
- पलामू से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया था

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगरः** राजधानी रांची के खेलगांव स्टेडियम में आयोजित खेलो झारखण्ड अंतर्गत राज्य स्तरीय स्कूली एसजीएफआई एवं 13वी राज्य स्तरीय स्कूली रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने झंडा गाड़ा है।इस खेल में पलामू के खिलाड़ी ने 21 मेडल पलामू को दिलाया है। इस खेल में अलग अलग जिलों से 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए थे और पलामू से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं, सभी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पलामू का मान भी बढ़ाया है।स्केटिंग कोच चंदन कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों का कोई जवाब नहीं। 5 साल से 17 साल तक के बच्चों द्वारा मेडल लाया गया है। इस खेल में 5 साल से 7 साल के एज ग्रुप से पलामू की दो बेटियों का जबर्दस्त प्रदर्शन रहा है। इस खेल में बेलवाटिका निवासी प्रदीप बड़ाइक जो बैंक मैनेजर हैं। उनकी 5 वर्षीय पुत्री आव्यदीप ने दो गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया।चंदन कुमार ने बताया कि 5 साल की आव्य ने इसी साल अप्रैल महीने से स्केटिंग करना शुरू की, जो की सप्ताह में तीन दिन घंटे भर की ट्रेनिंग से मेडल जीती है। वहीं यू के जी की छात्रा ख्याति कुमारी ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता है। जिसकी मां श्वेता कुमारी को बचपन ने स्केटर बनने का शौक था। लेकिन कुछ कारण वश सपना अधूरा रह गया और अब उनकी पांच वर्षीय ख्याति उनके सपनों को पूरा कर रही है। जो की पलामू के लिए गर्व की बात है। इतनी कम उम्र पलामू का नाम रौशन कर रही है. खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सपोर्ट मिले तो ये और बेहतर कर सकते हैं।इस खेल में कई खिलाड़ी डबल गोल्ड और डबल सिल्वर मेडल जीते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पलामू को 8 गोल्ड, 11 सिल्वर और दो ब्रोंज मेडल आया है। यह खेल 100 मीटर 200 मीटर और 500 मीटर का था। इसमें आर्यन राज ने दो गोल्ड और एक सिल्वर, प्रतीक राज ने हैट्रिक सिल्वर, वेद पांडेय एक गोल्ड दो सिल्वर, हसन अख्तर दो गोल्ड एक सिल्वर, स्वास्तिक आदर्श एक ब्रोंज मेडल, ख्याति कुमारी एक गोल्ड एक सिल्वर, आव्य दीप दो गोल्ड एक सिल्वर और शिवम कुमार दो सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल जीता है।

**न्यूज फटाफट**

### सारवां प्रखंड कार्यालय में झामुमो लगायेगा जनता दरबार




**देवघर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सारवां प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र हाजरा के आवास पर किया गया। जिसमें सारवां प्रखंड के 14 पंचायतों में बूथ कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सारवां प्रखंड कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार लगाकर हेमंत सरकार की लोकप्रिय योजना जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया इसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए हर बूथ में 25-25 व्यक्ति को जिसमें 10 महिला और 15 पुरुष की समिति बनाने का निर्देश दिया गया। इस सभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ता को कमर कसने की सलाह दी गई जिसमें मुख्य रूप से संजय शर्मा, सरोज सिंह, विनोद वर्मा, मोहम्मद रईस, श्रीकांत यादव, मौजूद थे।

### विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



**पलामू :** आलोक चौरसिया के द्वारा एक बड़ा कार्य का शिलान्यास किया गया आपको बताते चलें कि चैनपुर प्रखंड के ग्राम जयनगरा से सलतुवा जाने वाली मुख्य सड़क के बीच पुल का शिलान्यास किया गया विधायक चौरसिया से बात करने पर पता चला कि यह पुल इतनी महत्वपूर्ण थी की इसके बगैर जनजीवन ही नहीं विकास की गति भी नहीं पहुंच पा रही थी क्योंकि इस पुल के कारण करीब 12 से 15 गांव प्रभावित थे। विधायक आलोक चौरसिया ने बताया हमने तुरंत ग्रामीण विकास विभाग से बात कर अपने क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू कराया इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा इस पुल की निर्माण की स्वीकृति मिल गई। जहां एक तरफ राज्य सरकार जनहित की समस्याओं से दूर अपनी झोली भरने में है 2024 में झारखंड की जनता के द्वारा हिटलर शाही सरकार दमनकारी सरकार जनहित विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद प्रमोद सिंह मुखिया अरविंद तिवारी आदि गण्यमन लोग उपस्थित थे।

### भाजपा विधायक व सांसद को क्षेत्र की चिंता नहीं : रूचिर



**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के झाबर पंचायत अंतर्गत ग्राम कुनडेलवा में रविवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने जनसंपर्क अभियान किया और आम लोगों एवं ग्रामीणो के जनसमस्याओं से अवगत हुआ बैठक में पार्वती देवी, दुर्गा देवी, अनीता देवी, बुधनी देवी,सुनीता देवी,मनोरमा देवी,लालवनती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहां की सदर प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का ढोल पीटा जा रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सैकड़ो घर में लोग बिना दरवाजा लगाए खपड़ा के घर में रहने को विवश है। उज्ज्वला योजना का गैस महंगा होने के चलते माता बहनों को फिर से दुआ का सामना करना पड़ रहा है और वह बीमार पड़ रही है लेकिन सरकार को इस पर सब्सिडी देने के बजाय गैस सिलेंडर और खाद्यान्न पदार्थ का भी दाम बढ़ा दिया जिससे महंगाई चरम पर है अभी तक सदर प्रखंड सहित पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित नहीं किया गया सूखा राहत योजना का लाभ किसी ग्रामीण को नहीं मिल रहा है किसानों के खेत में ना पानी है और नहीं मजदूरों के पास कोई काम। नौजवान बेरोजगारी का दंश खेल रहे हैं भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया और सांसद को ग्रामीण क्षेत्रों में जाने की फुर्सत नहीं है वह शहर में ही रहकर बयान बाजी कर रहे हैं ऐसी स्थिति में इन सभी जन समस्याओं को लेकर के आगामी 9 नवंबर को पलामू उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव किया जा रहा है। उसमें झाबर पंचायत के लोगों को भी आने का आवाहन करते हैं।

### चंदवा में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवा :** सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति के बैनर तले शनिवार की शाम चंदवा स्थित बुधबाजार प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जे आर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने अपना कला प्रदर्शन किया। देर रात तक एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कलाकारों ने ऐसा समा बांधा कि देर रात तक हजारों की संख्या में दर्शक झूमते नजर आये। रात्रि जागरण से शुरू हुई कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक पुराने और नये गीत प्रस्तुत किये गए। कलाकारों में बेहतर नृत्य कला का प्रदर्शन किया जिसपर दर्शक जमकर झूमे भी। इससे पूर्व अमित गुप्ता, महेंद्र साहू, राजेश सिंह (राजू),अधिवक्ता मिथिलेश कुमार, प्रमोद साहू, मनोज सिंह, राजकुमार साहू, बिनोद कुमार गुड्डू आदि ने दीप प्रज्वलित कर एवं राजकुमार पाठक के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। आशीष गुप्ता, आदर्श रविराज, मंटू केसरी, अमित मोनू, दारा सिंह, रंजन कुमार सिंह, मनीष गुप्ता, कुणाल खत्री, अनिल कुमार, दीपक निषाद आदि के द्वारा सभी अतिथियों और कलाकारों का स्वागत अंगवस्त्र एवं चुनरी ओढाकर किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कर्नल कप टूनार्मेंट को लेकर कप्तानो के साथ कोर कमेटी की बैठक



**पलामू :** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में आगामी 23 नवंबर से शुरू हो रही कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नामांकित टीमों के कैप्टन के साथ कोर कमेटी की बैठक आहूत की गई । जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। कमेटी के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि टूनार्मेंट को शांति पूर्वक व सुचारु रूप से संपन्न किया जाएगा। साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों के साथ क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कपूर्री ठाकुर मैदान का जायजा लिया। उसके बाद कर्नल संजय सिंह कहा कि इस बर्ष का टूनार्मेंट भव्य और शानदार होगा। कर्नल कप टूनार्मेंट का नतीजा है कि आज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हर गांव के बच्चे फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। इस बैठक में स्पोर्ट्स क्लब से जय कुश सिंह भर्दुल सिंह लालकेश्वर पासवान महेंद्र चौधरी विनय कुमार सिंह लालधन ठाकुर निर्णायक सुदय सिंह नेहाल मिर्जा सगीर अहमद एस एम अकरम तथा मिडिया प्रभारी सुभाष कुमार मनोहर सिंह अनुशासन कमेटी से भानु प्रताप सिंह राहुल कुमार अमरेन्द्र कुमार प्रह्लाद ठाकुर व सभी टीमों के कैप्टन मुख्य रूप से उपस्थित थे ।कर्नल ब्रिगेड फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 के रूपरेखा व टीम सूची का जनकारी कमिटी की आगामी बैठक में 16 नवंबर को दिया जाएगा।

## प्रदेश >> अपडेट

### शिवराज आज आठ विधानसभाओं में करेंगे चुनावी सभा

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज राज्य की आठ विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान बांधवगढ़, ब्योहारी, धौंहनी, चुरहट, सिहावल, चितरंगी और सिंगरौली की सभा को संबोधित करेंगे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मराठाओं को आरक्षण देने के लिए दृढ़ है महाराष्ट्र सरकार : शिवसेना

**मुंबई :** शिवसेना (शिंदे समूह) की प्रवक्ता ज्योति वाघमारे ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार मराठाओं को आरक्षण देने के लिए दृढ़ है और इसके लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं कि मराठा समुदाय को संविधान और कानून के अंतर्गत आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ एक समिति बनाकर और कुनबी रिकॉर्ड इकट्ठा करके नहीं रुकेगी, बल्कि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संदीप शिंदे समिति के प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मराठा उद्यमियों को ऋण का आवंटन बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार मराठा समुदाय की महिला उद्यमियों को भी सशक्त बनाएगी। सु वाघमारे ने आगे कहा कि आज मंत्री संदीपन भूमरे और अनिल सावे ने मनोज जरंगे पाटिल से मुलाकात की और उन्हें नए जीआर की एक प्रति दी, जिसपर पाटिल ने अपना संतोष व्यक्त किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दुरुपयोग किया जा रहा है केंद्रीय एजेंसियों का: रमेश

**भोपाल :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग (आईटी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान दुरुपयोग किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के सिलसिले में यहां आए रमेश ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि यदि कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आएगी, तो वो संबंधित कानूनों में भी संशोधन करेगी, ताकि केंद्रीय एजेंसियों की निष्पक्षता और स्वायत्तता बरकरार रखी जा सके और सरकारों द्वारा उनका दुरुपयोग नहीं किया जा सके। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि सरकारें चुनावों के समय केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्ष के नेताओं के खिलाफ करती हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ हो जाती है।

### लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर रातभर वाहनों ने शव को कुचला

**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले में लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे का शिकार हुए एक व्यक्ति के शव को रात भर गुजरने वाले वाहन रौंदते रहे और पुलिस ने रविवार सुबह मुश्किल से मार्ग पर फैले टुकड़ों को जैसे तैसे एकत्र किया। राजमार्ग पर बघौरा गांव के पास राहगीरों ने वीभत्स दृशय को देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने यहां-वहां छितराये पड़े अंगों को बड़ी मुश्किल से एकत्र किया। व्यक्ति के कपड़ों के चीथड़ों को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक कोई पुरूष था। हादसा रात में कब और कैसे हुआ यह पता नहीं चल सका है।

**हमला**

### हमले में 15 लोग मारे गए 60 लोग घायल हो गए

# गाजा पर एंबुलेंस पर हमले के बाद भी बमबारी हुई

- गाजा पर इजरायल के हमले तेजी से क्रूर हो गए हैं
- 60 से ज्यादा युद्ध कैदी लापता
- शव मलबे में फंसे हुए हैं
- हमास और इजरायली सेना भयानक युद्ध में उलझे हुए

**एजेंसियां**



**जेरुशलम:** इजराइल के हमलों से गाजा में हालात काफी गंभीर हो गए हैं। आरोप है कि इजरायली सेना ने हवा में बम गिराए। शनिवार को हमास के सशस्त्र संगठन ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों में 60 से ज्यादा युद्ध कैदी लापता हैं और 23 लोग मारे गए हैं। हमास के अल-काशम ब्रिगेड के प्रवक्ता अब्र उबैदाह ने अपने टेलीग्राम में कहा कि इस हमले में 23 लोगों के शव मलबे में फंसे हुए हैं। अभी तक उनके शव मलबे से नहीं निकाले जा सके हैं। उन्होंने कहा, गाजा पर इजरायल के हमले तेजी से क्रूर हो गए हैं। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि उन्होंने पिछले दो दिनों में उत्तरी और दक्षिणी सीमाओं का दौरा किया। वहां उन्हें सैनिकों ने बताया कि वे इजरायली सेना से पराजित होने के लिए तैयार नहीं थे। वे हर तरह की स्थिति के लिए तैयार रहेंगे। इससे पहले इजराइल ने गाजा में एक एंबुलेंस पर हमला किया था। इजरायली सेना ने एम्बुलेंस पर हवा में बमबारी की। फिलिस्तीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए। घायलों की संख्या करीब 60 थी।

गाजा में सशस्त्र समूह हमास और इजरायली सेना भयानक युद्ध में उलझे हुए हैं। इजरायली सैन्य हमलों के कारण गाजा में अब तक कम से कम 8,000 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से कई बच्चे हैं। हमास ने दावा किया कि मंगलवार को गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर जबालिया पर इजरायली रॉकेट हमले में 195 फिलिस्तीनी मारे गए। हालांकि, इस संदर्भ में इजराइल का दावा है कि यह हमला फिलिस्तीनी सशस्त्र संगठन के अड्डे को निशाना बनाकर किया गया था। इजराइल ने यह भी दावा किया कि उनके हमलों में हमास के दो कमांडर मारे गए। हालांकि, हमास ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। इजरायल में हमास के हमले और 7 अक्टूबर को गाजा में इजरायली की जवाबी कार्रवाई के बाद शुरू हुए संघर्ष में दोनों पक्षों की ओर से बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। मालूम हो कि इजराइल ने विभिन्न देशों के कुल 230 नागरिकों को बंधक बना रखा है।

बहुत से लोग सोचते हैं कि कैदियों का इस्तेमाल सौदेबाजी के बजाय लाभ पाने के लिए किया जा रहा है। हमास के प्रवक्ताओं में से एक, अबू ओबैदा ने एक टेलीविजन संबोधन में कहा, हम कुछ दिनों में कुछ विदेशियों को रिहा करना चाहते हैं। हमने इस संबंध में मध्यस्थों को संदेश भेजा है। इससे पहले हमास ने कुल पांच बंधकों को रिहा किया था। उनमें से चार को राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत के बाद रिहा कर दिया गया। एक अन्य व्यक्ति को इजराइली सेना ने बचाया। तेल अवीव ने पहले ही संकेत दिया है कि वह कैदियों को रिहा करने के लिए हमास पर सैन्य और राजनयिक दबाव बढ़ाना जारी रखेगा।

## पीएमजीकेवाई पर मोदी ने लिया यू-टर्न: कांग्रेस



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजना को पांच साल बढ़ाने की घोषणा कमजोर अर्थव्यवस्था तथा बढ़ती असमानता की तरफ इंगित करने के साथ ही यह भी साबित करती है कि प्रधानमंत्री को पलटी मार कर यू-टर्न लेने में महारत हासिल है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि पीएम ग़रीब कल्याण योजना-पीएमजीकेवाई को अगले पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। याद करने वाली बात यह है कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने सितंबर 2013 में संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कई बार विरोध किया था। उन्होंने कहा पीएमजीकेवाई और कुछ नहीं बल्कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम है जो पहले से ही 80 करोड़ भारतीयों को कवर करता है। यह प्रधानमंत्री के यू:टर्न का एकमात्र उदाहरण नहीं है। मनरेगा को लेकर भी उन्हें अपना स्टैंड बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा था जो महामारी के दौरान जीवन रक्षक साबित हुई। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी की ताज़ा घोषणा आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानता का संकेत है, जो लगातार बढ़कर ख़तरनाक स्तर पर पहुंच गई है। ज्यादातर देशवासियों की आय उस तरह से नहीं बढ़ रही है।

## जनता कांग्रेस की गारंटी के झांसे में नहीं आने वाली: अनुराग



**एजेंसियां**

**भोपाल:** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव को चलते दी गयी गारंटी को लेकर आज उन पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की यह गारंटी झूठी है, जनता समझदार है, उनकी किसी झूठी गारंटी के झांसे पर नहीं आने वाली है। ठाकुर ने यहां स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार:वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल में सात गारंटियों में से एक को भी पूरा नहीं किया। मध्यप्रदेश में अब चुनाव है तो कांग्रेस नया चोला पहनकर नई गारंटियां दे रही है। किसानों का कर्ज माफी की गारंटी पूरी नही की गई, युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया। जनता समझदार है वो कांग्रेस के झांसे में नहीं आएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने 15 महीने के शासनकाल में एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में आकर कहा था सभी किसानों की कर्ज माफ कर दिया जाएगा। दो लाख का कर्ज माफ की गारंटी को पूरा नहीं किया गया। बेरोजगारी भत्ता देने की गारंटी भी फेल हो गई। यहां तक की कांग्रेस ने प्रदेश में कन्यादान योजना तक में 51 हजार रुपए देने का वादा तक पूरा नहीं किया। ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कई सार्थक कदम भाजपा सरकार ने उठाए। युवाओं को लर्निंग के सार्थ अर्निंग के तौर पर मुख्ममंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ युवाओं को मिल रहा है। यह भाजपा सरकार की सोच बताती है कि युवाओं को किस तरह से आगे बढ़ाकर प्रदेश को विकसित राज्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ाना है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल में केवल एक ही बात की चिंता की कोई गरीब भूखा नहीं सोए। प्रधानमंत्री मोदी ने अब आने वाले पांच साल तक और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की घोषणा शनिवार को छत्तीसगढ़ में की है।

## पाकिस्तान सीनेट में डार की भूमिका से पीपीपी चिंतित



**एजेंसियां**

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने सीनेट में सदन के नेता के रूप में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इशाक डार की भूमिका पर अपनी चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तानी समाचारपत्र द न्यूज की रविवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पीपीपी ने डार की भूमिका पर अंतरिम सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है, क्योंकि वह उच्च सदन के नेता के रूप में काम कर रहे हैं। पीपीपी ने तर्क देते हुए कहा कि यह स्थिति पीएमएल-एन और कार्यवाहक सरकार के बीच गठबंधन को दर्शाती है। पीपीपी के महासचिव सैयद नैय्यर हुसैन बुखारी ने सवाल किया कि अंतरिम सरकार ने सीनेट में सदन के नेता का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक स्वतंत्र सीनेटर को क्यों नहीं चुना, जैसा कि परंपरा है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि सीनेट में सदन का नेता प्रधानमंत्री का प्रतिनिधि होता है और वह अपनी कार और अपने घर पर झंडा फहरा सकता है और कार्यवाहक सरकार ने सीनेट में सदन के नेता के रूप में किसी स्वतंत्र सीनेटर को नियुक्त क्यों नहीं किया। पीपीपी के वरिष्ठ नेता ने कार्यवाहक मंत्री अहद चीमा, फवाद हसन फवाद, नवाज शरीफ तथा शहबाज शरीफ सहित पीएमएल-एन नेताओं के बीच करीबी संबंध होने के साथ-साथ पीएमएल-एन के साथ पंजाब के गवर्नर की नजदीकियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना पाकिस्तान चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए अपना निष्पक्ष रवैया और आचरण साबित करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों से जुड़ी हुई है।

## नेपाल भूकंप प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री वितरित करेगा

**एजेंसियां**



**काठमांडू:** नेपाल सरकार ने रविवार को भूकंप प्रभावित इलाकों में भोजन और अन्य राहत सामग्री के वितरण और घायलों का इलाज मुफ्त करने का निर्णय लिया । स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्री मोहन बहादुर बस्नेत ने संवाददाताओं से कहा कि भोजन और टेंट सहित अन्य राहत सामग्रियों का वितरण आज से शुरू किया जाएगा और सरकार इलाज का सारा खर्च उठाएगी। सरकार भूकंप प्रभावित लोगों को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बस्नेत ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में भूकंप में मारे गए लोगों के परिवार को 3,00,000 नेपाली रुपये (लगभग 2,250 अमेरिकी डॉलर) प्रदान करने पर चर्चा हुई थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न मित्र देशों ने नेपाल को समर्थन देने की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ मानदंड निर्धारित करेगी कि वास्तव में मित्र देशों से किस प्रकार का समर्थन स्वीकार किया जाए। पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिलों में शुक्रवार रात 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें अब तक 157 लोगों की मौत हो चुकी है और 170 अन्य लोग घायल हुए हैं।

**हादसा**

### जहाज पर ऑक्सीजन प्रणाली ने चालक दल को जहर दे दिया

# चीन की गलती से ही मारे गये हैं उसके 55 नाविक

- पनडुब्बी में सिस्टम की खराबी के कारण हाइपोक्सिया से मौत हुई
- पास पीले सागर में 093-417 नामित पनडुब्बी दुर्घटना
- जहाज की मरम्मत और सतह पर आने में छह घंटे लग गए

**एजेंसियां**



**लंदन:** 55 चीनी नाविक कथित तौर पर अपने ही समुद्री जाल में फंसने से मर गए हैं। बेशक, चीन ने इस घटना के घटित होने से इनकार किया है, लेकिन चीन के शेडोंग प्रांत के पास पीले सागर में एक दुर्घटना के बाद 093-417 नामित पनडुब्बी पर सवार लगभग 55 चीनी नाविकों को मृत मान लिया गया है। ब्रिटिश खुफिया रिपोर्ट के अनुसार 21 अगस्त, 2023 को जहाज के ऑक्सीजन सिस्टम की विनाशकारी विफलता के बाद पनडुब्बी चालकों की मृत्यु हो गई। हमारी समझ है कि पनडुब्बी में सिस्टम की खराबी के कारण हाइपोक्सिया से मौत हुई है। पनडुब्बी ने चीनी पीएलए नौसेना द्वारा अमेरिकी और सहयोगी पनडुब्बियों को फंसाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चेन और एंकर की वजह से ऐसा हुआ है। इसके परिणामस्वरूप सिस्टम विफल हो गया, जिससे जहाज की मरम्मत और सतह पर आने में छह घंटे लग गए। एक भयावह विफलता के बाद जहाज पर ऑक्सीजन प्रणाली ने चालक दल को जहर दे दिया। चूंकि रिपोर्ट खुफिया जानकारी पर आधारित है, इसलिए यूनाइटेड किंगडम ने रिपोर्ट की सत्यता पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, जबकि बीजिंग का कहना है कि यह घटना एक अफवाह है। यदि पनडुब्बी वास्तव में अपनी ही श्रृंखला और लंगर जाल में फंस गई, और इसकी बैटरियां कम हो गईं, तो संभावना है कि वायु शोधक और वायु उपचार प्रणाली अंततः विफल हो जाएंगी।

जबकि अमेरिका और ब्रिटेन की पनडुब्बियों में ऐसे उपकरण हैं जो कार्बन डाइऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदल सकते हैं, जिससे वे लंबे समय तक पानी में डूबे रह सकते हैं, लेकिन हर देश के पास समान तकनीक तक पहुंच नहीं है। चेन और एंकर एक उपकरण है जिसका उद्देश्य समुद्र के नीचे दुश्मन के जहाजों को फंसाना और नष्ट करना है। इसमें धातु की गेंदों और अन्य वस्तुओं की एक भारी श्रृंखला (जो कई मील तक लंबी हो सकती है) समुद्र तल पर तैनात दो लंगर से जुड़ी हुई है। श्रृंखला का आकार और वजन जहाज के पतवार और प्रोपेलर को भारी नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे पनडुब्बी को घंटों या यहां तक कि दिनों तक देरी हो सकती है, जैसा कि हम पीएलए नौसेना की कथित घटना से देख सकते हैं, जहाज और उसके चालक दल के लिए घातक हो सकता है। पनडुब्बी को जाल के साथ समुद्र तल तक भी खींचा जा सकता है। ब्रिटिश खुफिया दस्तावेज का मानना है कि इस विशेष जाल का उद्देश्य चीनी तट से संचालित अमेरिकी या ब्रिटिश जासूसी पनडुब्बियों को फंसाना था। शेडोंग एक प्रांत है जहां 9 मिलियन से अधिक आबादी वाले कई शहर हैं, जो लगभग न्यूयॉर्क शहर के आकार के बराबर हैं। किंगदाओ, 10 मिलियन की आबादी के साथ, प्रांत का सबसे बड़ा शहर है।

## न्यूज फटाफट

### सोमालिया में बाढ़ की चपेट में आकर 14 लोगों की मौत

**मोगादिशु :** सोमालिया में भारी बारिश के कारण बाढ़ की चपेट में आकर आकर करीब 14 लोगों की मौत हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसी ने यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि 2023 की मौसमी बारिश (अक्टूबर से दिसंबर) की शुरुआत के बाद से बाढ़ ने कम से कम 405,652 लोगों को प्रभावित किया है, जिनमें से ज्यादातर चार संघीय सदस्य राज्यों में मौतें हुयी हैं। ओसीएचए ने सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में जारी ताजा अपडेट में कहा कि प्रभावित लोगों में से अधिकांश अपनी बस्तियों के भीतर रह रहे हैं, लेकिन बाढ़ के खतरे से बचने के लिए कम से कम 47,000 लोग ऊंचे स्थानों पर चले गये हैं। नवीनतम अपडेट संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) सोमालिया जल और भूमि सूचना प्रबंधन (एफएओ :स्वालिम) द्वारा शुक्रवार को जुबा नदी के पूरे खंड, विशेष रूप से गेडो क्षेत्र में नदी में बाढ़ के उच्च जोखिम की चेतावनी के बाद आया है। ओसीएचए ने कहा कि दक्षिण पश्चिम में कम से कम 268,000 लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें अधिकतर विस्थापित लोग हैं और जुबालैंड राज्यों में 90,000 लोग प्रभावित हुये हैं। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि बाढ़ के कारण बाजारों और खेतों तक पहुंच बंद हो गई है, गेडो क्षेत्र में 4,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि जलमग्न हो गई है, जिससे 6,000 से अधिक किसान प्रभावित हुये हैं।

### ब्राजील में भीषण तूफान से छह लोगों की मौत, भारी क्षति

**साओ पाउलो :** ब्राजील में सबसे ज्यादा आबादी वाले और औद्योगिक रूप से विकसित दक्षिणपूर्वी राज्य साओ पाउलो में आए भीषण तूफान में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। स्थानीय सरकार ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार दोपहर और शाम को भारी बारिश और 151 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं के कारण दीवार गिरने, बाढ़ और भूस्खलन के कारण ये मौतें हुईं। तूफान के कारण साओ पाउलो शहर में कोंगोन्हास हवाई अड्डे को एक घंटे के लिए बंद करना पड़ा और ब्राजील के फार्मूला वन ग्रां प्री के लिए बनाए गए एक ग्रैंडस्टैंड की छत टूट गई, जिसका आयोजन रविवार को होना है।

### अमेरिका में बस दुर्घटना में एक की मौत, एक दर्जन घायल सैन

**फ्रांसिस्को :** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के सिएटल के बेलटाउन इलाके में फिफ्थ एवेन्यू और बैटरी स्ट्रीट पर शनिवार दोपहर किंग काउंटी मेट्रो बस के एक इमारत से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक दर्जन अन्य घायल हो गए। यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1540 (2240 जीएमटी) बजे हुई। सिएटल दमकल विभाग ने कहा कि घायलों में से एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है और 11 अन्य की हालत स्थिर है। विभाग ने कहा कि इमारत को कोई महत्वपूर्ण संरचनात्मक नुकसान नहीं पहुंचा है।

### पूर्वी जापान में घर में आग लगने से दो की मौत, तीन झुलसे

**टोक्यो :** जापान के पूर्वी प्रांत कानागावा में रविवार को एक घर में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मिनामियाशिगारा शहर के सेनजुशिमा में स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे से पहले आग लग गई, जब एक आपातकालीन कॉल में एक घर की दूसरी मंजिल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। दमकल की 13 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और लगभग दो घंटों में आग पर काबू प्राप्त किया, हालांकि आग से दो मंजिला लकड़ी का घर क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय पुलिस के अनुसार जले हुए घर में दो शव पाए गए, जबकि तीन अन्य झुलसे लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बंगलादेश में बीएनपी की नाकेबंदी, नौ बसों में आग लगायी

**ढाका :** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी-जमात और अन्य पार्टियों के आान पर रविवार से 48 घंटे की नाकेबंदी शुरू होने से पहले बीती रात राजधानी ढाका सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक घटनाओं के दौरान नौ बसों में आग लगा दी गयी। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा अधिकारी तल्हा बिन जासिम के हवाले से बताया गया कि आज सुबह छह बजे तक आग लगने की 12 घटनाओं की जानकारी मिली है जिनमें नौ बस में आग लगा दिये जाने की घटनाएं हैं। ढाका के अलावा, नारायणगंज, गाज़ीपुर, सिराजगंज, बारिसल और रंगपुर में आग लगने की घटना सामने आयी है। बीएनपी और उसके सहयोगी दलों ने राष्ट्रव्यापी नाकाबंदी के साथ ही स्थायी समिति के सदस्य अमीर खसरू महमूद चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में आज चटगांव में एक दिवसीय हड़ताल का आान किया है। नाकाबंदी सुबह छह बजे शुरू हुयी और मंगलवार सुबह छह बजे खत्म होगी। नाकेबंदी के दौरान सड़कों पर यातायात अपेक्षाकृत कम है, हालांकि निजी और सार्वजनिक परिवहन की संख्या पिछले सप्ताह की तीन दिवसीय नाकाबंदी की तुलना में अधिक है। सार्वजनिक परिवहन की कमी के कारण कार्यालय जाने वाले, छात्र और अन्य यात्री पैदल ही अपने गंतव्यों की ओर जाते देखे गये। पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देश भर में सतर्कता बढ़ाने और सुरक्षा कड़ी करने के लिए अपनी इकाइयों को पहले ही सतर्क कर दिया है। पुलिस ने भी ढाका में प्रवेश बिंदुओं और सभी प्रमुख स्थानों पर मोर्चा संभाल लिया है ।

### आज का इतिहास

- 1763 : ब्रिटिश फौज ने मीर कासिम को हराकर पटना पर क़ब्ज़ा किया।
- 1813 : मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1844 : स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया।
- 1860 : अब्राहम लिंकन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति चुने गए।
- 1903 : अमेरिका ने पनामा के स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।
- 1913 : दक्षिण अफ्रीका में भारतीय खनन मजदूरों की रैली का नेतृत्व करने के लिए महात्मा गांधी को गिरफ्तार किया गया।
- 1943 : दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सौंपे।
- 1949 : यूनान में गृह युद्ध समाप्त हुआ।
- 1962 : राष्ट्रीय रक्षा परिषद की स्थापना हुई।
- 1990 : नवाज शरीफ़ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
- 1994 : अफ़ग़ानिस्तान के बुरहानुद्दीन रब्बानी गुट द्वारा संयुक्त राष्ट्र अफ़ग़ान शांति योजना स्वीकृत।
- 1998 : पाकिस्तान ने सियाचिन में युद्धविराम के भारत का प्रस्ताव नामंजूर किया।
- 2000 : ज्योति बसु ने लगातार 23 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा।
- 2004 : रूस ने क्योटो करार की पुष्टि की।
- 2008 : स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने प्रधान ब्याज दर (जीएलआर) और जमादारों के कटौती की घोषणा की।
- 2010 : पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धार्थ शंकर राय का निधन।
- 2013 : सीरिया के दमस्कस में आत्मघाती विस्फोट में आठ लोगों की मौत, 50 घायल।
- 2013 : इराक की राजधानी बगदाद में आत्मघाती हमला, 15 मरे।
- 2013 : महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और वैज्ञानिक प्रो. सीएनआर राव को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की गई।

